In conclusion, returning to the various taxation proposals, I should say that these have been carefully devised giving little room for discontent. There would have been little discontent even if the Finance Minister had chosen to propose heavier doses of taxation, provided the burden had been fairly and justly distributed. That the Finance Minister has not chosen to propose heavier doses of taxation shows that he and the party whom he represents are indeed concerned, are doubly careful, in seeing that the poor man is not unnecessarily burdened. However, some levies like the one on kerosene could perhaps be avoided or withdrawn because it is used as energy and light by millions of our poor people. Generally, it is a budget which takes care of the hopes and aspirations of our people, winning their confidence.

Sir, with these suggestions, I wish to extend my whole hearted support to the budget proposals.

श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया) : माननीय उपसभापति जी, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने जो 1972-73 का बजट पेश किया है वह एक योजनाप्रधान बजट है। योजना के माध्यम से सामाजिक न्याय और आर्थिक समृद्धि को प्रोत्साहित किया गया है । साथ ही साथ योजना तथा आर्थिक वृद्धि के रास्ते में जो रुकावटें है उनका निवारण करने का प्रयास भी इसमे किया गया है। आर्थिक दृष्टिकोण से हमें मालूम है कि देश में खाद्यान्न के उत्पादन मे किस गति से वृद्धि हुई है परन्तु साथ ही दाल और व्यापारिक फसलों में उस गति से वृद्धि नहीं हुई है जिसके कारण व्यापारिक फसलों पर आधारित उद्योगों मे भी शिथिलता आई है। विशेषकर रुई और सोयाबीन का तेल हमको बाहर से निर्यात करना पड़ा है। औद्योगिक वृद्धि का जो लक्ष्य रखा गया था वह भी पूरा नही हो पाया है। इस्पात और उर्वरक का उत्पादन भी काफी गिरा हुआ है। इन कमियों को दूर करने के लिये इस बजट में कुछ कदम उठाये गये हैं।

बंगला देश की सहायता और विकास तथा प्रतिरक्षा व्यय भी भारी जबाबदेहियों के बावजूद हमारा बजट करदाताओं के लिये डरावना नहीं रहा है। इस बात की आशका थी कि जनता अधिक करों से लाद दी जायेगी परन्तु 375 करोड़ के डेफिसिट बजट मे केवल 182 करोड़ के कर ही लगाए गए है जिसकी प्रशंसा भारत के सभी प्रमुख अखबारों में हुई है।

एक विशेष बात सबसे पहले इस बजट में ही हुई है जो कि पहले कभी भी नहीं हुई। इस

[श्री चन्द्रिका प्रसाद]

बजट में 125 करोड़ की योजना खेतिहरों के लिए, बेरोजगारों के लिये तथा किसानों के लिये बनाई गई है जो कि मैं समझता हूं नेताओं की जागरूकता का ही फल है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि हम समाजवादी नीतियों की तरफ बढ़ रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही मैं कहना चाहता हूं कि यह व्यवस्था अधूरी रहेगी जब तक कि कोई एजेन्सी इसको देखने के लिये नहीं बनाई जायेगी कि इस बजट में गरीबों के लिए, किसानों के लिए जो व्यवस्था की गई है उससे कितना लाभ होता है। इस प्रकार की कोई मशीनरी अवश्य बनानी पड़ेगी जो कि इसमें गाइड कर सके और उन योजनाओं को कार्यान्वित करा सके। यदि यह काम गांवों में ठेकेदारों से लिया गया तो वे गांवों को चूस लेंगे और यदि सरकारी मशीनरी पर यह कार्य छोड़ दिया गया तो जितना रुपया दिया जायेगा उसका अधिक भाग उन्हीं के पास चला जायेगा। उदाहरणस्वरूप मैं बता सकता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश में जो बाढ़ आई थी उसमें काफी क्षति हुई थी, बहुत से मकान गिर गये थे तो आपातकाल में दो दो करोड़ रुपया हर जिले में बांटा गया था लेकिन वह रुपया गरीबों तक नहीं पहुंच सका बल्कि अवांछित लोगों और सरकारी मशीनरी ने मिल कर वह पैसा खा लिया। इस मशीनरी का इतना नैतिक पतन हो चुका है कि हमको इसके खिलाफ बड़ा भारी जेहाद छेड़ना पड़ेगा और सख्त कदम उठाने पड़ेंगे नहीं तो हमारी सारी योजनाएं विफल हो जायेंगी। भारत सरकार की योजनायें विफल होने पर हम कहीं के नहीं रहेंगे।

इस बजट में काफी उपलब्धियां है लेकिन केरोसिन आयल पर जो कर लगाया गया है वह एक बड़े दुख की बात है। किरोसिन आयल गरीब किसानों की झोपड़ी में रोशनी पहुंचाता है और इसका उनके दैनिक जीवन से सम्बन्ध है। यह टैक्स वापिस होना चाहिए। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे इस टैक्स को शीघ्र वापिस लें ताकि हम अपनी पार्टी की समाजवादी नीति को साबित कर सकें।

दूसरी बात हरित क्रान्ति से सम्बन्धित है। ट्रैक्टर, खाद, पावर ड्रिवेन पम्प और एल्यूमिनियम पर जो टैक्स लगाया गया है उसपर भी विचार होना चाहिए। एल्यूमिनियम गरीबों के बर्तनों का एकमात्र साधन है। इसलिए इन टैक्सों को वापिस लेने पर भी विचार करना चाहिए।

मैं माननीय वित्त मंत्री को तारीफ करूंगा कि योजना पर पहले के मुकाबले 700 करोड़ रुपया अधिक रखा गया है लेकिन साथ ही देश में जो उपेक्षित, पिछड़े और विषमता वाले हिस्से रहे है उनके लिए स्पष्ट आदेश देने चाहिए कि कम से कम कितना प्रतिशत वहां पर खर्चा किया जायेगा। उत्तर प्रदेश, बिहार, और मध्य प्रदेश की योजनाओं के लिए स्पष्ट आदेश जाने दिए चाहिए कि कितना परसेन्ट उन उन भागों पर खर्च किया जायेगा। जो रीजनल इम्बैलेंसेज वाले हिस्से हैं जैसे पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले, पहाड़ी जिले, बुंदेलखंड या मध्य प्रदेश के कुछ पाकेट्स हैं उनके लिए परसेन्टेज अलग होना चाहिए। उत्तर प्रदेश जो हमारा पिछड़ा हुआ प्रदेश हो गया है, उद्योग में सबसे पीछे पड़ा हुआ है, उसमें उद्योग नाममात्र को रह गया है, उसका कारण यही है। अभी उत्तर प्रदेश के मंत्री आये हुए थे और संसद सदस्यों की एक मीटिंग हुई थी। उसमें भारत सरकार के उद्योग मंत्री भी बैठे हुए थे। उस मीटिंग में यही बात होती रही कि उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की वजह से यह नहीं हुआ है। वह केन्द्रीय सरकार की बात सुनते नहीं हैं। लेकिन हमारा कहना यह है कि आप इस बात को छोड़िये और वहां पर उद्योग बढ़ाने की बात कीजिए। मैं आप को बताऊं कि भारतवर्ष में बिजली की खपत 90 प्रतिशत है जब कि उत्तर प्रदेश में वह 52-प्रतिशत है। हमारी भारत सरकार ने ननौरा में एटामिक एनर्जी स्टेशन लगाने की बात की थी और वह

सारी बात तय हो चुकी है लेकिन सलेक्शन कमेटी उसको घोषित नहीं कर रही है जब कि वहां पर 500 मिलियन पर वे बिजली की कमी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश में बहुत कम धन एलाट हुआ। खर्चे बढ़ते जा रहे हैं, और अधिक विलम्ब होगा तो खर्चा और बढ़ता जायगा।

इसी तरह से टेहरी प्रोजेक्ट जो वह उसको टी० ए० सी० ने पास कर दिया है लेकिन उसको कार्यान्वित नहीं किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने 400 मेगावाट का थरमल पावर स्टेशन लगाने के लिए लिखा है, लेकिन आज तक उसको वह नहीं दिया गया है। आज उत्तर प्रदेश में सारे थरमल पावर स्टेशन स्टेट प्लान में हैं और सेन्ट्रल प्रोजेक्ट में कोई भी वहां पर नहीं है जब कि अन्य प्रदेशों में वे दिए हुए हैं।

इसी तरह से उत्तर प्रदेश में बाढ़ पीड़ित इलाके हैं विशेषकर बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर और बस्ती, वहां पर बाढ़ से काफी क्षति हुई है और कई करोड़ रुपया उनको बांटा गया है। इसके लिये मेरा सुझाव यह है कि वहां पर फसल बीमा योजना कराई जाए और जो रिलीफ दान दिया गया है और जो सरकार रुपया खर्च करती है आपातकालीन सहायता के लिए उस रुपये को बीमे के प्रीमियम में देकर एक ठोस कदम उठाया जाय ताकि जो फसल नष्ट हो वह वापस मिल जाए या जो लोगों के मकान नष्ट हो जाते हैं उनको वे बना सकें।

इसी तरह से सेन्ट्रल गवर्नमेंट की तीन चार स्कीमें बैकवर्ड एरियाज के लिए बनी हुई हैं लेकिन उनसे कोई फायदा नहीं है जैसे कि मार्जीनल फार्मर्स स्कीम है। 10 परसेन्ट सब्सीडी देकर आप उद्योग में वृद्धि चाहते हैं लेकिन वह काम होता नहीं है और उसका कारण यह है कि जब तक वहां पर इण्डस्ट्रियलाइजेशन का माहौल नहीं होगा तब तक वह काम नहीं होगा। वहां पर उन लोगों को ट्रेनिंग दीजिए और कोआपरेटिव बेसिस पर यानी गवर्नमेंट और पब्लिक मिल कर उस काम को करें तब जाकर वहां काम हो पायगा।

हमारी जो बरौनी रिफाइनरी है, वहां पर पेट्रो-केमिकल प्रोडक्ट्स का काम हो सकता है और वहां पर बहुत सी सुविधाएं आसानी से कायम की जा सकती हैं।

इसके अलावा मुझे यह कहना है कि आज हमारे देश में महंगाई बहुत ज्यादा है, विशेष कर चीनी बहुत महंगी हो गई है। हमारे यहां लोगों को शादियों के लिए भी चीनी नहीं मिलती है। मैं यह जानना चाहता हूं की चीनी के दो रेट क्यों हो रहे हैं। कन्ट्रोल में जो चीनी मिलती है उसका रेट काफी कम है। मेरा कहना यह है कि जिन लोगों की तनख्वाह 100 रुपये या दो सौ रुपये है उनको कार्ड से चीनी मिलनी चाहिए। आज तो यह है कि हजार रुपये पाने वाले को भी राशन की दुकान से चीनी सस्ते दामों पर मिलती है और कम तनख्वाह पाने वाले को भी और दोनों को बराबर बराबर चीनी मिलती है।

एक बात मैं क्रेश प्रोग्राम के बारे में और कहूंगा.....

SHRI K. S. CHAVDA (Patan) : There is no quorum in the House (*Interruption*). I have raised the question of quorum. Last Saturday also there was no quorum and the House had to adjourn.

AN HON. MEMBER : There is quorum.

SHRI K. S. CHAVDA : It has no quorum.

MR. DEPUTY SPEAKER : It is not a question of debate. It is my duty to see whether there is quorum or not. My attention is drawn now. I see there is no quorum. I have called for the quorum bell to be rung.

Yes, now there is quorum. The hon. Member may try to conclude now.

श्री चन्द्रिका प्रसाद : क्रैश प्रोग्राम के लिये जो योजना आई थी, उसमें जो रुपया दिया हुआ है वह यूटीलाइज नहीं हो पा रहा है। इस बारे में भी आप को सोचना चाहिए। आप ने जो बैंकों का नेशनेलाइजेशन किया था उसमें लोगों ने काफी रुपया डिपोजिट किया है, लेकिन जितना लोगों ने डिपोजिट किया है उतना लाभ किसानों को, छोटे मजदूरों को, दुकानदारों को नहीं हो रहा है। लोगों को टैक्सी खरीदने के लिये, रिक्शा खरीदने के लिये पैसा नहीं मिल पा रहा है। मेरा कहना यह है कि यह रुपया पर्सनल सेक्यूरिटी पर देना चाहिए या कोआपरेटिव बना कर देना चाहिए जिससे छोटे लोगों को रुपया मिल सके। हमारे यहां पर जो स्टेट बैंक है, वह कुछ काम नहीं करता है। हमने चार पांच जगहों पर बैंक खोलने के लिये लिखा था लेकिन आज तक वे बैंक खुले नहीं हैं। मैं चाहूंगा कि वहां पर बैंक खोले जाएं।

MR. DEPUTY SPEAKER: It will be helpful if hon. Members do not repeat the points which other Members have made. If they have new points, let them bring them up. Now, Shri Shivnath Singh.

SHRI SHASHI BHUSHAN: I have a few new points to make.

MR. DEPUTY SPEAKER: We shall see when his turn comes.

श्री शिवनाथ सिंह (झुंझुनू) : उपाध्यक्ष जी, बजट हर साल पेश होता है। इस साल भी हुआ है और पिछले साल भी हुआ था। इस सदन के माननीय सदस्य जब पिछले चुनाव से जीत कर आए थे तो उनमें काफी जोश था और हमने एक बात सोची थी कि इस बजट के द्वारा हम बहुत बड़ा परिवर्तन ला देंगे। पिछले साल माननीय सदस्य में बहुत जोश था। पिछला बजट हमने देख लिया। यह बजट हमने देख लिया और आज मामला शांत है। आज यह जोश नहीं है। हम समझ गये। बजट जो ब्यौरोक्रेसी के द्वारा तैयार होता है, वह कोई परिवर्तन नहीं ला सकता है। आज का जो बजट है इसमें जो प्लान के लिए रुपया डाला गया है वह 700 करोड़ रुपये का है। यह काफी रुपया है कोई नये टैक्स नहीं लगाये गये हैं। लेकिन क्या यह बजट उस जनता का प्रतीक कहा जा सकता है जिस जनता ने हमें किस भावना से वोट दिया था। पिछली बार लोगों ने एक आशा से वोट दिया था। उस आशा को और विश्वास में व्यक्त किया और इस बार जो विधान सभाओं के चुनाव हुए जनता ने हमें भारी बहुमत दिया लेकिन क्या हम सोच सकते हैं कि लोगों ने जिन आकांक्षाओं से वोट दिया है, जिस आकांक्षा से कांग्रेस को सरकार दी है, क्या उस आकांक्षा की पूर्ती होती है।

आज हमारे देश में प्रायरटीज क्या हैं, इस की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बहुत से लोग—बाग तो कहते हैं कि हम शहरों का अपलिफ्टमेंट कर रहे हैं, दिल्ली को फेम लिफ्टिंग कर रहे हैं। हो सकता है। आप दिल्ली का ही उदाहरण लीजिये। कितने प्रतिशत लोग हैं जिनको आज बिजली और पानी मयस्सर है। आज दिल्ली के 20 प्रतिशत आदमी ही ऐसे हो सकते हैं जो कैनाट सरकस का फव्वारा देख सकते हैं, यहां की सड़कों पर घूम सकते है। 80 प्रतिशत लोग आज भी गन्दी झोपड़ियों में रह रहे हैं जहां पानी की सुविधा नहीं है, बिजली की सुविधा नही है और शौच तक जाने की जगह नहीं है। इस प्रकार की हमारी अवस्था है। आप कह सकते हैं कि 700 करोड़ रुपया प्लान में रखा है। 700 करोड़ रुपये में पूरे देश की आबादी के लिए क्या हो सकता है और क्या हम इससे सुधार कर सकते हैं, इसको देखने की बात है।

आज देहाती क्षेत्रों में एक एक्सपेरीमेंट हो रहा है जितने हमारे नये डाक्टर निकलते हैं उनको देहातों में भेज दिया जाता है। अव्वल तो देहातों में डिस्पैन्सरी और हौसपेटल्स हैं ही नहीं और जहां हैं तो इन नये लोगों को भेज दिया जाता है। देहात के लोग गरीब हैं, अशिक्षित हैं और वे बीमारी को समझते नहीं हैं। उन पर एक्सपेरीमेंट करने के लिए नये-नये

लोगों को भेज दिया जाता है। क्या रिजल्ट आयगा आप की इस योजना का ? क्या रिजल्ट आयगा आप की इस स्कीम का यह आप सोच सकते हैं। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूगा कि हैल्थ मिनिस्ट्री इस ओर ध्यान दे कि जहा देहातों मे डिस्पैन्सरी नही वहा डिस्पैन्सरी खोली जाएं और वहा पर एक्सपीरयस्ड डाक्टरो को ही भेजना चाहिए। अनएक्सपीरयन्स्ड डाक्टरों को तो आप शहरों मे रख सकते हैं जहा पर दूसरी सहूलियतें हैं और अगर उनके हाथ से कोई गलती हो जाती है तो उस गलती को दुरुस्त किया जा सकता है।

इसी तरह से आप दूसरी स्कीमो को जाजिए। गावो मे गरीब लोगो को बसाने के लिए झोपडिया तक नही हैं। यहा तक की आज शहरो के अन्दर भी गरीब लोगो को बसाने के लिए झोपडी नही है। आप बम्बई और कलकत्ते म गन्दी झोपडियो को देख सकते है। उन लोगों का क्या हाल है। जिस आकाक्षा को ले कर वे चले हैं क्या हमारा बजट की पूर्ति करना है। यह ठीक हैं कि आपने इसके लिए रुपया रखा है और टैक्स भी नही लगाये लेकिन जब तक हमारा माइड चेन्ज नही होता है, हमारी प्रायरटीज चेन्ज नही होती हैं, तब तक हम कुछ नही कर सकते। आज ब्योरोक्रैसी द्वारा जो बजट बनाया गया है उसको आप देखिये। मैं आप का उदाहरण देना चाहता हू। आज हरित क्राति आई है तो वह कहते हैं कि रूरल सेक्टर पर टैक्स लगना चाहिए। यह किस दिमाग से आता है। आज वे नही चाहते हैं कि देहात का किसान आगे बढ़े। वह सोचते हैं कि वह क्यों आग बढ रहा है वह क्यों पालिटिक्स में आ रहा है, वह क्यों दूसरी सर्विसेज मे आ रहा है ? यह सब उन लोगों के दिमाग की बातें हैं। हमारे मत्री जी कहते है :

> "The welcome increase in foodgrains production has added to the fiscal burden in another way."

यह हमारा दृष्टिकोण है। आज जो फूडग्रेंस मे प्रोडक्शन बढ़ा है, तो वह उस को वर्डन मानते हैं। किस लिए ? इसलिए कि एक जगह से दूसरी जगह बफर स्टाक को ले जाना होगा। यह आपकी ड्यूटी है। मैं केन्द्रीय सरकार से कहना चाहता हू कि आप फूडग्रेन्स में स्टेट ट्रेनिंग क्यों नही करना चाहते। आज एफ० सी० आई० को 125 करोड़ रुपये की जरूरत है पर आपने 25 करोड़ रुपये ही रखा है। आप चाहते हैं कि अगर उसको पैसे की और जरूरत हो तो वह बैंकिंग फैसेलिटीज एवेल करे और मार्केट से लोन ले और फिर अपने काम की पूर्ति करे। आज देश के किसानों के साथ खिलवाड किया जा रहा है। किसानो को उस की पैदावार का पूरा दाम नही मिल रहा है और दूसरी तरह आप फर्टीलाइजर्स, पम्पिग सेट्स और ट्रेक्टर्स आदि पर दिन रात टैक्स लगा रहे हैं। आप तो एग्रिकलचरल सेक्टर को पनपाना चाहते है लेकिन हमारी ब्यूरोक्रेसी उस को पनपने नही देना चाहती। सरकार तो उस को पनपाना चाहती है लेकिन वह उसके रास्ते मे रोडे खड़ी करती है। हिन्दुस्तान की अस्सी प्रतिशत आबादी गावों मे रहती है। गावों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। मैं कह सकता हू कि देश मे ऐसे गाव है जो लाखो की सख्या मे हैं जहां पर पीने तक का पानी उपलब्ध नही है। मैं इस सम्बन्ध मे आपको राजस्थान का उदाहरण देना चाहता हू। वहा पर पन्द्रह और बीस मील से लोगो को सिर पर टोकरो मे ढो कर, मटको मे ढो कर पानी लाना पडता है। बीस तीस करोड रुपया खर्च करके यह समस्या हल हो सकती है। लेकिन हमारा दिमाग उस तरफ नही जाता है। यह हमारे मस्तिष्क पर एक कलक है। पच्चीस साल की आजादी मे हम इस समस्या को भी हल नही कर सके है। इस को हल किए बगैर हमारी आजादी पूरी नही होगी। देश के नागरिकों को हम पीने के लिए पानी भी नहीं दे सके हैं। सिंचाई के लिए मत दो लेकिन पीने का पानी तो दो। यह समस्या पच्चीस तीस करोड़ में हल हो सकती है। आज साल आप सैकड़ों करोड़ रुपया फेमिन रोकने के लिए खर्च करते हैं। लेकिन उसका भी आप सही उपयोग नही कर पाते हैं। ड्रिंकिंग वाटर की समस्या को सबसे पहले आपको हल करना

[श्री शिव नाथ सिंह]

होगा और जब तक हम गरीब लोगों के लिए, देहात के लोगों के लिए पीने का पानी मुहैया नहीं करेंगे, सच्चे अर्थों में हम आजाद हो गए हैं, ऐसा हम नहीं कह सकेंगे।

आप रूरल सैक्टर की हालत को देखें। बैंकों से लोन वहां नहीं मिलता, नैशनलाइज्ड बैंक्स से, कमर्शियल बैंक्स से उनको लोन नहीं मिलता। हमने कह दिया कि वहां से उनको मिलेगा लेकिन मिलता नहीं हैं। खाद और बीज के ऊपर हमने टैक्स लगा दिया। कीमतें बढ़ रही हैं। बिजली का उत्पादन देश में हो रहा है लेकिन बिजली इंडस्ट्री में चली जाती है, काश्तकार को नही मिलती है। उसको पैदावार की अच्छी कीमत नही मिलती है। इस तरह से किसान आज तरह तरह की दिक्कतें पा रहा है। रूरल सैक्टर तकलीफ पा रहा है। उस सैक्टर की तरफ आपको विशेष ध्यान देना होगा।

संक्षेप में मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहूगा जिनको प्रायोरिटी आपको देनी चाहिये। रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन के प्रोग्राम को आपको वार फुटिंग पर करना होगा। हमारा दृष्टिकोण यह होना चाहिये कि हर गाव को बिजली मिले। आने वाले पांच सालों में हर गाव को बिजली मिल जानी चाहिये। चुनावों में लोगों ने कांग्रेस को बहुमत मे भेजा है। अगर आपने हर गाव को अगले पांच साल में बिजली दे दी तो हम कह सकेंगे कि आपने हमें वोट दिया और हमने देखो, सभी गांवों को बिजली दे दी है।

डैजर्ट इरेडिकेशन की स्कीम भी किसी प्रान्त के वश की बात नहीं है। राजस्थान का बहुत बड़ा हिस्सा डैजर्ट से घिरा हुआ है। जिस तरह से हम चल रहे हैं उस तरह से सौ साल के अन्दर भी हम राजस्थान के डैजर्ट को नहीं मिटा सकते हैं। मध्य प्रदेश में भी डैजर्ट हो सकता है, गुजरात का कुछ हिस्सा भी डैजर्ट है। मैं समझता हूं कि डैजर्ट इरेडिकेशन के लिए आपको एक कमिशन बनाना चाहिये और नैशनल बेसिस पर इसको हटाने के कदम उठाने चाहियें। अगर आप यह समझते हैं कि स्टेट्स उस काम को करें तो यह स्टेट्स के वश का रोग नहीं है।

हाउसिंग की फैसिलिटीज भी आपको मुहैया करनी चाहिये। शहरों में जमीन नहीं मिलती है। गांवों में भी जो लैंडलैस आदमी है, उसके पास बसने के लिए अबादी की जमीन नहीं है। वह अपनी मेहनत से मकान बना सकता है। लेकिन उसको मकान बनाने के लिए जगह तो आप कम से कम मुहैया करें। इसी तरह से आपको बेरोजगारी को मिटाना पड़ेगा। तीन योजनायें हम पूरी कर चुके हैं और चौथी योजना चल रही है। हमने नारा दिया है और बार बार कहा है कि एम्प्लायमेंट के साधन हम बढ़ायेंगे। लेकिन हम बराबर देख रहे है कि बेरोजगारी बढ़ रही है। इस समस्या को भी आपको गम्भीरतापूर्वक लेना पड़ेगा। जब तक इसको सीरियसली आप नही लेंगे, कुछ नहीं हो सकेगा।

राजस्थान कैनाल को भी आप एक नैशनल प्राजैक्ट बना कर हाथ मे लें। यदि राजस्थान कैनाल पूरी हो जाती है तो सारे उत्तरी भारत को हम अनाज दे सकते है। उसको निगलैक्ट किया जा रहा है। राजस्थान के वश का वह रोग नहीं है। उसको एक नैशनल स्कीम के तहत आप लें और फंड प्रोवाइड करके जल्दी से जल्दी उसको आप पूरा करें।

पम्प्स, फर्टिलाइजर मिट्टी के तेल पर जो टैक्स आपने लगाया है, उसको आप वापिस लें, गरीब सैक्टर को आप ज्यादा टैक्स नहीं कर सकते हैं। तम्बाकू के लिए जैसा राव साहब ने कहा मेरी मान्यता है कि कच्चे तम्बाकू पर कोई टैक्स या एक्साइज ड्यूटी नहीं लगनी चाहिये। फिनिश्ड गुड्ज पर आप टैक्स लगा सकते हैं। खड़े खेत पर यह टैक्स लगा दिया जाता हैं और किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनता है। यह उसके

सामने बहुत बड़ी समस्या है। उसको पटवारी तंग करता है, तम्बाकू इंस्पैक्टर तंग करता है। तम्बाकू पर टैक्स जो वसूल होता है, उसमें आप सुधार करें। उसे आप किसानों से वसूल न करें। जहां चीज हैंड्ज चेंज करती है, जहां तम्बाकू बिकता है, वहां आप खरीदने वाले से इसको ले सकते हैं। फिनिश्ड गुड्ज पर इसको आप लगा सकते हैं। किसान को इस तबालन से आप बचायें।

बैंक फैसिलिटीज, लोन फैसिलिटीज को आप उनके लिए बढ़ायें। क्रैश प्रोग्राम, रूरल वर्क्स प्रोग्राम, स्माल एण्ड मीडियम प्रोग्राम जो बने हैं, वे टोटल फैल्योर साबित हुए हैं। जितना रुपया दिया है सब लैप्स हुआ है, स्टेट गवर्नमेंट्स ने उसको खर्च नहीं किया। बजट में रुपया प्रोवाइड कर देने में कोई फर्क नहीं पड़ता है। असली देखने वाली चीज यह है उस को काम में लाया जाए उस का सही इस्तेमाल हो और ब्यूरोक्रेसी को आप ठीक करें। रुपये की व्यवस्था कर देने मात्रसे काम नहीं हो सकता है। टैक्स न लगाए जायें, इस वास्ते बजट सुन्दर हो जाता है, यह मेरी मान्यता नहीं है।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) : यह कहा जा रहा है कि देश में ग्रीन रेवोल्यूशन हो गया है, अनाज मिलने लग गया है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। मैं श्री गणेश से पूछना चाहता हूं कि अनाज बहुत हो गया है देश में तो क्या देश के हर आदमी को दो-वक्त का खाना मुहैया हो रहा है? क्या वह अब भी एक वक्त का ही नाश्ता नहीं करने पर मजबूर हो रहा है? अनाज बाजार में है लेकिन लोगों की परचेजिंग पावर नहीं है। इस वास्ते अनाज बाजार में पड़ा हुआ है। लोगों की परचेजिंग पावर न होने की वजह से दूकानों में कपड़ा पड़ा है। उनकी परचेजिंग पावर होती तो आज न अनाज और न कपड़ा वगैरह दूकानों में इस तरह से पड़ा आपको मिलता। आपको लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिये। इस बीच आपको एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन को भी बढ़ाना चाहिये। पूरी दुनिया में तीन आदमी एक टन फूडग्रेज एक साल में खाते हैं जबकि हिन्दुस्तान में अनाज का उत्पादन दस करोड़ टन है देश में 55 करोड़ की आबादी है और इस हिसाब से यहां 5 5 परसेंट एक टन अनाज एक साल में खाते है। इसका मतलब यह हुआ कि पूरी दुनिया के मुकाबले में हमारे यहां फूड कजम्पशन 45 परसेंट कम है। इस वास्ते जो यह कहा जाता है कि ग्रीन रेवोल्यूशन हो गया है, सही नहीं है और हमारा उत्पादन और बढ़ना चाहिये।

यह भी कहा जाता है कि देहात वालों के पास बहुत पैसा आ गया है और उनके ऊपर और टैक्स लगने चाहिये, उन पर इनकम टैक्स लगना चाहिये। मैं कहता हूं कि एग्रिकलचरल इनकम टैक्स उन पर नहीं लगना चाहिये। जो भी टैक्स इस वक्त जमीन पर लगा हुआ है उसको भी हटा लेना चाहिये ताकि पैदावार बढ़ सके। आपने उन पर टैक्स लगान लगा रखा है तथा दूसरे टैक्स लगा रखे हैं। अब आप एग्रिकलचरल इनकम टैक्स लगाना चाहते है। आंध्र में एग्रिकलचरल इनकम टैक्स लगाया जा चुका है लेकिन इसको वापिस लेना पड़ा क्योंकि यह एक्सपेरिमेंट वहां फेल हो गया। होता यह था कि गरीब आदमियों को नोटिस भेजे जाते थे और जब वे जाकर उनकी जेब में सौ रुपये या दो सौ रुपये रख देते थे तब उन नोटिसों को वापिस ले लिया जाता था। पचास रुपये अगर उनको देने होते थे तो उनके दो तीन सौ रुपये खर्च हो जाते थे। इसमें हैरासमेंट और बरी बहुत ज्यादा थी। यह टैक्स बड़ा तकलीफदेह साबित हुआ। आपको लोगों से उसी तरह से रुपया वसूल करना चाहिये जिस तरह पेड़ से फल तोड़ते हैं और पेड़ को कोई नुकसान नहीं होता है।

यह भी कहा जाता है कि देहात प्रास्परस हो गए हैं, वहां धन बहुत बढ़ा है। एग्रिकलचरिस्ट बहुत प्रास्परस हो गया है, यह भी बार-बार कहा जाता है। शायद इलैक्शन के जमाने

[श्री एम० राम गोपाल रेड्डी]

में मन्त्री जी भी देहातों में गए होंगे और उन्होंने देख लिया होगा कि गांवों में किस तरह के लोग रहते हैं। वहां पर कैसी परिस्थितियां हैं, हालात हैं। बरसात के दिनों में घुटनों तक पानी भरा रहता है और उसमें से होकर लोगों को जाना पड़ता है, दल दल हो जाती है। गर्मियों में वहां धूल उड़ती रहती है। वहां मच्छर होते हैं, बिच्छू होते हैं, सांप होते हैं। वहां धन कहां से आया। बेचारा गरीब अगर अपने लड़के को थोड़ा बहुत पढ़ा लेता है और विल्लेज लेवेल वर्कर या टाइपिस्ट बनाने में कामयाब हो जाता है तो वह आपकी आंख में खटकने लग जाता है।

श्री वसंतराव पुरुषोत्तम साठे (अकोला) : धनी किसानों को भी नहीं देना चाहिये ?

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी : पांच लाख गांव हैं और पांच लाख गांवों में पांच लाख भी धनी किसान नहीं होंगे। फिर वहां जो धनवान बने भी हैं वे इसलिए नहीं बने कि उनके पास जमीन है। वे छोटे मोटे कांट्रैक्ट लेते हैं या दूसरी चीज करते हैं, इस वास्ते धनी बने हैं।

श्री वसंतराव पुरुषोत्तम साठे : अंगूर की खेती करने वाले भी नहीं—

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी : अंगूर की खेती करने वालों को मैं जानता हूं। हैदराबाद में एक रुपये किलो अंगूर बिक रहा है। जा कर देख लें।

सरकार का मकसद यह है कि गरीबों को कुछ काम मिले, काम के बदले उनको पैसा मिले। जो उनको पैसा मिलता है, उसकी दो तरह से लूट होती है। एक तो ट्रेडर्स भाव बढ़ा कर उनको लूटते हैं और दूसरे उनको जो ऋण लेना पड़ता है और उस पर उनको जो ब्याज देना पड़ता है, उसमें उनकी बड़ी लूट होती है। बहुत से ईरानी लोग हमारे देश में आ गए हैं। उनका कोई पेशा नहीं है। दस रुपये एक मजदूर को देते हैं तो महीना खत्म होने पर एक रुपया सूद का ले लेते हैं। दस महीने में सारी रकम वसूल कर लेते हैं लेकिन फिर भी जो प्रिंसिपल होता है वह खड़े का खड़ा रहता है। ईरानी लोगों को यहां क्यों रखा जाता है ? क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में एक सैक्शन है कि अगर किसी आदमी का कोई पेशा न हो और वह अच्छी जिन्दगी बसर कर रहा हो तो उसके ऊपर केस चल सकता है। ये लोग दिल्ली में ही नहीं, देश के सब भागों में जगह-जगह गरीब लोगों को लूट रहे हैं। आज हमारे देश में एक इंडस्ट्रियल लेबरर को लगभग 150 रुपये मिलते हैं। वह काफी है। लेकिन जब कभी कोई मजदूर किसी ईरानी से कर्ज ले लेता है, तो वह कभी भी उससे छूट नहीं सकता है। ये ईरानी हमारे देश के लोगों को भारी सूद पर कर्ज देते हैं और उसको जबर्दस्ती वसूल करते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या मन्त्री महोदय इसका इन्तजाम करेंगे या नहीं। जैसा कि मैंने कहा है, ये ईरानी देश के हर एक शहर और देहात में मौजूद हैं। ये हैदराबाद में भी जगह जगह हैं। यहां पर जितने ईरानी लोग हैं, उन सबको एक शिप में बिठा कर वापिस ईरान भेज दिया जाये।

15 hrs.

एक माननीय सदस्य : ईरानी नहीं, पठान।

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी : वे पठान हों या ईरानी या काबुली, उनमें से एक को भी हिन्दुस्तान में न रहने दिया जाये। सीलोन और बर्मा से हिन्दुस्तानियों को निकाला जा रहा है। लेकिन यहां पर गवर्नमेंट इन लोगों को गरीबों का खून चूसने के लिए हर तरह का प्रोटेक्शन दे रही है। अन्य होटलों के खुलने और बन्द होने के लिए समय निश्चित है, लेकिन ये ईरानी होटल चौबीस घन्टे खुले रहते हैं।

मैं ये बातें आन्ध्र प्रदेश एसेम्बली में भी कह चुका हूं और आन्ध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में भी कह चुका हूं। मैं कांग्रेस का एम० पी० हू, लेकिन अगर गवर्नमेंट ने इस समस्या का कोई इन्तजाम नहीं किया, तो उस पर से मेरा भरोसा उठ जायेगा। हमारे मिनिस्टर साहब बड़े रिवोल्यूशनरी है। मैं चाहता हूं कि वह इसका इन्तजाम करें।

श्री धर्मराव अफजलपुरकर (गुलबर्गा) : उपाध्यक्ष महोदय, वित्त मन्त्री ने इस साल का बजट 375 करोड़ रुपये के खसारे के साथ पेश किया है और इसमें 183 करोड़ रुपये डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्सेशन के जरिये वसूल करने की व्यवस्था की है। पिछले साल देश पर यह मुसीबत आई कि बंगला देश से एक करोड़ शरणार्थी यहां रहने के लिए आये। इसके अलावा बारिश की कमरत की वजह से सारे शमाली हिन्दुस्तान में बाढ़ आई, जिससे करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ। जनूबी हिन्दुस्तान में कहत पड़ा, जिसकी वजह से लाखों लोगों को फाके करने पड़े और कहीं-कहीं पीने का पानी भी नहीं मिला। एक और मुसीबत यह आई कि बंगला देश की निग्रेशन के सिलसिले में पाकिस्तान से लड़ाई हुई, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च करने पड़े। इसके बाद शरणार्थियों को वापिस भेजने पर काफी पैसा खर्च करना पड़ा।

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए वित्त मन्त्री ने तीन मर्तबा बजट पेश करके 500 करोड़ रुपये के टैक्स लगाये। शरणार्थी वापिस चले गये हैं और लड़ाई खत्म हो गई है, लेकिन वे टैक्स अभी कायम हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जब देश पर मुसीबत आई थी, तो लोगों ने बड़ी हिम्मत और जुर्रत के साथ उसका मुकाबला किया और तन-मन-धन की कुर्बानी दी, जिसकी वजह से हम लोगों को कामयाबी हासिल हुई। इस सूरत में उन टैक्सों को अभी भी जारी रखने का क्या जस्टिफिकेशन है? अब उन टैक्सों को खत्म कर देना चाहिए।

इस बजट की एक खास खूबी यह है कि एनुअल सैंट्रल प्लान आउटले के तहत 710 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया है। इसका मकसद यह है कि जराअती और सनअती पैदावार में इजाफा किया जाये। लेकिन हम देखते है कि पांच-साला मन्सूबे में जराअत के लिए जो 1233 करोड़ रुपये रखे गये थे, इन तीन सालों में उस रकम का सिर्फ 22 परसेंट इस्तेमाल किया गया है। होना तो यह चाहिए था कि इस अवधि मे उस रकम का 60 परसेंट खर्च कर दिया जाता। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सिर्फ बजट में एलोकेशन को बढ़ा देने से ही लोगों को इत्मीनान या शान्ति नहीं मिल सकती है और न ही डेवेलपमेंट का काम हो सकता है। सिर्फ प्लान या बजट में पैसा बढ़ा देने से ही कोई काम नहीं हो सकता है। इसलिए मैं नहीं समझता हूं कि इस बजट मे गरीबों को कोई फायदा होगा।

एक तरफ तो ग्रीन रेवोल्यूशन की बात कही जाती है और जराअत की तरक्की के लिए काफी पैसा दिया जाता है, लेकिन दूसरी तरफ गरीब किसानों को पनपने का मौका नहीं दिया जाता है। पम्पिग सेट्स पर टैक्स लगाया गया है, इसके साथ स्टील प्रोडक्ट्स और एल्युमिनियम पर भी टैक्स लगाया गया है। जो गरीबों के इस्तेमाल की चीजें है। इस तरह छोटे-छोटे किसानों पर टैक्स लगाकर उनको परेशान किया जा रहा है।

सनअती तरक्की के लिए भी काफी पैसा रखा गया है। लेकिन हम देखते है कि पब्लिक सैक्टर में 4000 करोड़ रुपया लगा हुआ है, मगर उससे कोई आमदनी नहीं हो रही है।

SHRI K. S. CHAVDA : On a point of order. There is no quorum in the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER ; The bell is bring rung ...Now there is quorum. The hon. Member may continue.

श्री धर्मराव अफलजपुरकर : सवाल यह है कि पब्लिक सैक्टर की अंडरटेकिंग्ज से कोई मुनाफा क्यों नहीं हो रहा है। इस मर्तबा प्लान आउटले में जो 710 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया है, उसका मकसद यह है कि फार्म और फैक्टरी का प्राडक्शन बढ़ाया जाये। अगर सरकार का यही मकसद है, तो फिर जिन लोगों के हाथों में देश की बागडोर है, उन्होंने इस बारे में कोई एक्शन क्यों नहीं लिया है? अफसरों द्वारा भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। सब डिपार्टमेंट तमाशा देख रहे हैं।

आज प्लान आउटले में 710 करोड़ रुपये बढ़ा कर मेम्बरों को इत्मीनान दिलाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन में नही समझता हूं कि यह बजट समाजवाद के आधार पर बनाया गया है। हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी को पीने का पानी नहीं मिलता है। वित्त मंत्री मे अपने भाषण के पैराग्राफ 17 में कहा है कि हमारे 560,000 गांवों के 25 प्रतिशत कालेरा-एनडेमिक और गिनीवर्म इन-फेक्टिड एरिया हैं इसका कारण यह है कि उन लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता है।

सरकार ने देश के लोगों को रहने के लिए मकान, खाने के लिए गिजा और पहनने के लिए कपड़े देने का वादा किया है, लेकिन हालत यह है कि देश की एक बहुत बड़ी आबादी के लिए पीने के पानी की सुविधा भी नही है। जो विल्लेज दरया के किनारे हैं, वहां के लोगों को दो दो मील से पानी लाना पड़ता है। बारिश के दिनों में पानी इतना गन्दा होता है कि वह देखने लायक भी नहीं होता है। अगर पच्चीस साल की आजादी के बाद हम अपने लोगों को पीने के पानी की सुविधा भी नहीं दे सकते, तो फिर हम यह नहीं कह सकते कि हम देश में समाजवाद ला रहे हैं। आज गरीबों की यह हालत है कि "कहां मैं जा कर रहूं कि मुझको सूकूने-हासिल कोई घड़ी हो, बचूं जरर से, बचूं जियां से, बुरी निगाह से, बुरी जबां से।"

आज हमारे देश में दौलतमन्द और दौलत-मन्द हो रहे हैं और गरीब और गरीब हो रहे हैं। हम अपनी आजादी की सिल्वर जुबिली मनाने जा रहे हैं। हमने अपने लोगों से जो वादे किये हैं, उनमें से पीने का पानी सप्लाई करने को सबसे ज्यादा प्रायटी दी जाये और अगले छः महीने के अन्दर उसका प्रबन्ध कर दिया जाये। जैसा कि श्री हेनरी आस्टिन ने कहा है, सब लोगों को, पार्लियामेंट के मेम्बरों और एम० एल० एज० वगैरह को, मिल कर पीने के पानी की व्यवस्था करने मे मदद देनी चाहिए।

इसके अलावा दूसरी खूबी यह है कि सोशल वेलफेयर व सोशल प्रोग्रेम पर 240 करोड रुपया रखा गया है और इसके साथ-साथ 125 करोड रुपया वाटर सप्लाई, होम साइट, स्लम क्लीअरेंस और प्राइमरी एजूकेशन पर रखा गया है। प्राइमरी एजूकेशन के बारे मे हम बड़ी बड़ी बातें करते हैं। मैं तो गुजिश्ता साल भी इस पर बोला था और आपकी नोटिस मे यह बात लाया था कि ऐसी जगहें हैं जहां स्कूल हैं तो टीचर नही हैं, जहा स्कूल भी है बिल्डिंग भी है वहां बच्चे नही हैं। तो इस तरफ ध्यान देना चाहिए। आज प्राइमरी एजू-केशन के ऊपर कोई ध्यान नहीं हैं। इस वक्त यह जो 125 करोड़ रुपया रखा गया है उसके लिए मैं बहुत धन्यवाद देता हूं।

एजुकेटेड अनएम्प्लायड के लिए 75 करोड़ रुपया रखा गया था। उसमें उनका कहना है कि 40 करोड़ रुपया ही खर्च हुआ है और 35 करोड़ बाकी है। अगर इसी तरह से हर साल बजटेड एमाउंट के अन्दर रुपया बचता रहा तो हमारा प्लान कैसे मुकम्मल होगा? आज जो हम कहते हैं कि समाजवाद आएगा वह कैसे सम्भव होगा? इस तरह तो पांच साल का मंसूबा दस साल में भी कम्पलीट नहीं हो सकता। इसके ऊपर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। 12 करोड़ रुपया स्माल फार्मर्स डेवलपमेंट एजेंसी के लिए रखा है। उसमें से कुछ रुपया बीदर को दिया गया है। मेरी कांस्टीट्यूएंसी दक्षिणी हिन्दुस्तान के अन्दर है

गुलबर्गा जो कहर का इलाका है। मेरा यह निवेदन है कि कहर को उस इलाके से हमेशा के लिए खत्म करने का प्रयत्न होना चाहिए। इसी तरह स्पेशल न्यूट्रीशनल प्रोग्राम के लिए 21.5 करोड़ रुपया रखा गया है।..... (व्यवधान)...ड्राइ फार्मिंग डेवलपमेंट, रूरल वर्क इन ड्राउट प्रोन एरियाज के लिए तथा फ्रैश प्रोग्राम फार रूरल एम्प्लायमेंट के लिए 72 करोड़ रुपये का प्राविजन किया गया है। यह रुपया ठीक तरह से इस्तेमाल होना चाहिए।

एक चीज मैं और निवेदन करना चाहता हू जो मेरी कांस्टीट्यूएंसी के मुताल्लिक है। एक यूनिवर्सिटी हमारे इस इलाके में गुलबर्गा मे होनी चाहिए। वहां धारवाड़ कर्नाटक यूनिवर्सिटी के तहत कालेजेज हैं जो बिलकुल अनवील्डी हो गए हैं। कोई ऐडमिनिस्ट्रेशन नही हो रहा है। इसलिए एक यूनिवर्सिटी गुलबर्गा मे होना बहुत आवश्यक है। इसी तरह वहा एयरोड्रोम का कांसट्रक्शन भी होना जरूरी है और प्राइमरी एजूकेशन की बिल्डिंग्स बनाई जानी चाहिएं।

केरोसिन, फर्टिलाइजर और पावर ड्रिवेन पम्पस, अनमैन्युफैक्चर्ड टुबैको, स्टील प्राडक्ट्स और एल्युमिनियम प्राडक्ट्स पर जो टैक्स लगाए गए हैं उनका ताल्लुक गरीब लोगों से है इसलिए इसको हटा दिया जाय और गरीबों को इतमीनान दिलाया जाय।

डीसेंट्रलाइजेशन आफ इंडस्ट्रीज और डीसेंट्रलाइजेशन आफ पापुलेशन होना चाहिए। आज हमारे सामने बम्बई और कलकत्ते का जो हाल है उसको देखते हुए यह तो बिलकुल ही एक गंभीर परिस्थिति हो गई है। तो लाइसेंस देते वक्त इसकी पालिसी बिलकुल ही बदलनी चाहिए। लाइसेंस देते वक्त यह देखा जाय कि इंडस्ट्रीज ऐसी जगह लगाई जायं जहां पर कि इंडस्ट्रीज पहले से नहीं है।...(व्यवधान)...

एक शेर सुना कर खत्म कर देता हूं। हर साल हम बोलते हैं लेकिन कुछ भी नहीं होता।

कोई उम्मीदबर नहीं आती,
कोई सूरत नजर नहीं आती।

मौत का एक दिन मुय्यन है,
रात भर नींद क्यों नहीं आती।

हम हर साल गरीबों के बारे में यह सब कुछ बोलते हैं लेकिन उसके बाद भी कुछ नहीं होता। तो हमको नींद नहीं आती। ...(व्यवधान)...

इन शब्दों के साथ मैं बजट का समर्थन करता हूं।

SHRI D. D. DESAI (Kaira) : Sir, the circumstances in which the budget has been brought need attention. There is the cost of Bangla Desh, which was about Rs. 600 crores plus one year lost in our development, and war losses to be made up. Altogether, the country has suffered a damage exceeding Rs. 1,000 crores. This together with shortfalls in the plan had resulted in reduction in the growth of our revenues and savings. This needs attention.

In terms of tonnage, we had been more or less static in production. If we look at the railway budget and the tonnage which the railways had carried, we find we have remained somewhere around 200 million tonnes for the past two years, Now this particular tonnage could not have been possible on a development of 4.8% in 1970 and 3.5 per cent increase in 1971 of industrial growth which has been stated in the budget. Therefore, it is assumed that more or less growth has been upset by the inflation which we had gone through. In future when the budget figures are submitted we would like to have them in terms of weight and measures units rather than monetary value because the currency has the tendency to be inflated annually in terms of constant value, i.e., gold. So, unless there is an "Inflation Allowance" the values would be illusory.

The other circumstance has been that several other extremist left or right, and radical ideologies have been thrown away by the electorate. Particularly, the CPM, the Communist Party and other extremists have found that they have lost their place in States and so in this Parliament.

[Shri D. D. Desai]

The Finance Minister had stated that the budget has been framed with a view to accelerate growth, social justice, self-reliance, investment and resource mobilisation. We would like to examine whether these objectives could be achieved with this budget.

We find that the Finance Minister, having exhausted all the possibilities of taking additional revenue by personal taxation, which has reached 97.75 per cent income-tax, plus sur tax, plus 8 per cent as wealth tax and 7 per cent on urban property he has resorted to several other alternatives. In fact, there is one additional liability, which is revaluation liability. We think in terms of providing dearness allowance i.e., the salary plus dearness allowance represent the actual amount in terms of constant value. But here in the case of taxation we have no "Inflation Allowance" with the result that whether it is the same piece of gold, or property, or some other item, the tax has to be paid over and over again upon revaluation after inflation.

Formerly, we had the development rebate on industrial machinery and equipments This particular adjustment has been withdrawn. Development rebate represented about 25 per cent as inflation allowance

Then, there is tax effort made by the Finance Minister by taking two per cent from contracters and one per cent from sub-contractors. I think this is a step in the right direction. The deduction for priority industries, which was 8 per cent previously was reduced to 5 per cent and now it has been made zero. This particular step would naturally put all industries on par and the result of the judgment used by the Finance Minister will be realised in future. Then, previously there was no surcharge on companies. It was first introduced as the rate of 2.5 per cent last year and now it has been increased to 5 per cent. These measures will yield increased revenues in the forthcoming years.

In fact, this budget has explored and tapped all possible avenues of income. If we are to further expand our resources, which are very necessary to meet the obligations which are have already taken on hand besides made during the election period and those which several members have voiced presently, then the rapid growth of the economy is a must, from which alone we can derive our new incomes.

Here we find that the savings and funds available for investments after tax have been considerably reduced, and the Ministry may take notice that, in future, additional revenue may have to be found from some other sources. Probably, they might have to come from borrowings, because the savings by companies or by individuals have been limited.

One good feature, which the Budget has provided, is Rs. 1.5 lakh exemption limit for small entrepreneurs from wealth-tax This is a step in the right direction because the entrepreneurial base has to be widened and the Ministry seems to be well aware about it and has shown well inclined towards it.

I would like to offer a few suggestions because ultimately self-criticism and some constructive suggestions are useful to things which we are expected to contribute to. The Wanchoo Committee has submitted its report. It has recommended a 75 per cent ceiling ; in other words, 25 per cent is to be retained by the individual and 75 per cent taken by the Government. The highest personal tax level in a socialist country, that is, Sweden, has been of the order of 65 per cent ; in the fastest growing country like West Germany, it has been of the order of 53 per cent and in a country like Japan it has been 60 per cent.

The investments which have been made by Government are not essentially based on value analysis. We would like to have them on value analysis basis. There should be a cell in the Ministry to see that investments should have an adequate return ; otherwise, these investments could also be a liability.

The other factor has been the depreciation and development rebate allowances. If the value of the equipment is taken at Rs. 100, since depreciation is on the diminishing value.... (*Interruption*)

SHRI K. S. CHAVDA : Sir, I wish to raise a question of decorum and decency of the House. There is no quorum.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The bell is being rung..Now there is quorum. He may continue his speech.

SHRI D. D. DESAI : Since depreciation is on a reduced value, it can never equal the original cost. On the other hand, if we provide for inflation, in the last ten years the raw material plus the cost of manufacture of capital goods have gone up to 180 per cent. The development rebate takes care of 25 per cent of it but the other 55 per cent still remains uncovered.

Public sector units should generate social surpluses, because the investment has come from the hard earned money of the public. Some how or the other we have not been able to generate enough social surpluses which we had anticipated to start with. The capital outlay should largely come from capital borrowings. The tendency has been that from revenue account we are making capital investments. To this extent we should have a certain amount of restriction.

The units in the public sector have been unwieldy and large while the structural capacity of a management has been limited to about 500 or 1,000 employees. Somehow or the other we should see to it that not more than 500 or 1,000 people are falling under the employment and management of one individual.

Then, there is the question of uprooting of societies. We should carry the jobs to the people instead of carrying the people to the jobs

As regards vocational training, it is easy to get clerks to day but it is very difficult to get a cook, a barber, a house servant, a carpenter or any one like that. So, we should try to train people whose need the society has the most, instead of working the otherway round. The people have trusted us and we should trust the people. More decentralisation of authority, greater financial, economic and social decision-making should rest with the people at points of operation. This has also been one of the necessities.

Then, you make village as a unit for economic operations instead of treating the whole country as a unit because it is very difficult to identify where the failures are taking place. It will be easier with decentralised responsibilities at village level and it will also help to set right the failures.

The Government bodies have also the vested interest. Therefore, depending upon the Government only is not likely to yield sure results.

About the green revolution which we have been talking so much of, we find that the effect of revolution is now hurting the Government. In the case of cotton and tobacco we are finding that there have been stocks accumulations and certain difficulties in selling....

MR. DEPUTY SPEAKER : Please conclude now.

SHRI D. D. DESAI : Yes Sir, I have many points yet to say. Anyway, I make the point about agricultural tax. I would requset the hon. Minister to take note that an expert committee should be appointed to go into that matter. I have travelled through thousands of villages. I have not come across so-called prosperous farmers. Therefore, some sort of a fact-finding enquiry should be undertaken and that too not by any interested parties but by some independent body.

SHRI VARKEY GEORGE (Kottayam) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, lots of things have already been said in this House regarding the merits and demerits of this year's Budget.

As the time at my disposal is very limited I do not wish to repeat whatever has already been said even though I fully associate myself with the sentiments expressed by many hon. Members about the high incidence of taxation on kerosene, fertiliser and pump sets.

I wish to confine my observations to some of the glaring omissions in the Budget.

First of all, I would like to point out that this is not an employment-oriented Budget. Unemployment is the most tragic problem in our country. The number of unemployed increases at the end of every Five Year Plan. This is accepted in the Planning Commission's Report. How does this year's Budget solve this problem ?

The ultimate result is that under-developed States like Kerala are now facing a crisis.

[Shri Varkey George]

Just because ours is the southern-most State just because we are so far away from Delhi, just because our State Government is not fully controlled by the Indian National Congress and for that matter it is not going to be otherwise for quite some time, we are neglected in every sphere.

I was listening with great interest the speeeh of my hon. friend, Mr. K. Manoharan the leader of the D.M.K. party in this House. I feel a bit jealous of him and his State. Only because they make such big noise and they even threaten the Central Government with "State autonomy", etc., they are well looked after and their demands are at least taken into consideration. Keralites may be gentle and reasonable people. But I would like to point out that there is a limit to our patience and I would not be surprised if in the near future the people of Kerala also start agitating for their just demands setting aside their party affiliations. There are thousands and thousands of educated young men and women without jobs now roaming about in the streets. What are you going to do with them ? Kerala can provide them jobs if our proposals for starting industries in Kerala are accepted by the Central Government. There are 52 applications for industrial licences now pending before the Central Government. I have a list with me and I can place them before the House. We are not even allowed to start industries based on rubber and forest resources which are in abundant supply in our State.

I would like to point a few more glaring instances of complete neglect of, and discrimination against, Kerala.

Kerala has a better claim than any other State for a port-based Steel Plant as iron ore, lime stone, etc., are available in the immediate vicinity of the Calicut port and as an internal and export market is assured.

The Geological Survey of India have discovered the existence of about 313 million tonnes of magnetic iron ore containing about 30 to 35 per cent iron within a short distance of Calicut port. Within 60 miles of Calicut port, lime stone reserves exist which are estimated at 1.25 million tonnes. Kerala is the only State in South India which has no Steel Plant while the Government of India have just announced setting up of three new Steel Plants at Hospet, Salem and Visakhapatnam.

Another public sector undertaking in Kerala which is completely neglected by the Centre is the Travancore-Cochin Chemicals Ltd. This is the only project which manufactures caustic soda and chlorium in the public sector in this country. It has launched a very large expansion programme, and it needs a few rectifiers. Unfortunately, these rectifiers are not available in India and they have to be imported. On our approaching the Central Government to import them, we were told that these rectifiers are being made by Heavy Electricals in Bhopal, but the Heavy Electricals, Bhopal, say that they need three years to manufacture and deliver them. If the commissioning of this plant can be done with imported rectifiers within these three years, we can manufacture 45,000 tonnes of caustic soda during the next three years, resulting in a saving of Rs. 4 crores in foreign exchange.

The Kerala Government have requested the Central Government since 1964 for the location of a petro-chemical complex in the State. They have already convinced the Central Government that they have enough Naphtha for the establishment of such a project, but still the Central Government is keeping mum on it.

The Oil and Natural Gas Commission has located a promising sedimentary basin between Kerala coasts and the Laccadives Island. We have requested for a systematic probe in the matter, but the Central Government has not so far taken any action.

The allotment of steel, aluminium, zinc, *etc.*, for our industries is very small; we do not get even 25 per cent of what we require, and those itmes which we are manufacturing in Kerala like aluminium and zinc are manufactured with a subsidy on electricity charges from Kerala Government. Aluminium and zinc Steel which is manufactured in Kerala are taken out of the State...

MR. DEPUTY SPEAKER : The hon. Member may conclude.

SHRI VARKEY GEORGE : I am just concluding.

I would just say a word about the third unit of the Indian Telephone Industries which has been promised for Kerala. I am sorry to

say that nothing has been done so far about this.

Finally, before I conclude, I would just make a point which has been made by my hon. friend, Dr. Austin, *i.e.*, about the international airport which we have been claiming. The Kerala Government has offered the necessary land free of cost. A site has been selected by the Director-General of Civil Aviation, but this has not been taken into consideration so far. A project as this which is of great use to this country as a whole is now kept in cold storage just because this is in Kerala.

Therefore, the budget which can be claimed as one which gives some sort of relief to the higher strata of the society is, in fact, an uttar flop as it has completely failed to solve the greatest problem of the country, *i.e.*, unemployment.

15.35 hrs

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair*]

SHRI BANAMALI PATNAIK (Puri) : The Budget has been generally welcomed by all sections of the House Of course, a few criticisms have been levelled, but I don't agree with them generally.

It has been mentioned that Budget does not reflect a social change. How can it be? It is our social attitude and behavioural pattern that will bring the social change. Have we given up caste consideration ? And there are many such things. Budget can accelerate the process.

There has been more investment this time in the Budget. The Plan allocations has been increased by about 23% and I hope it will help us to the pace of self-sufficiency in some spheres.

The Finance Minister has stated in his Budget that steel requirements, fertiliser, electricity and other requirements have to be increased. In this connection, I would like to place that Orissa is full of mineral wealth. It is the Ruhr of India. It is unfortunate inspite of this richness natural resources it is backward. It supplies iron ore not only to Rourkela but also to other steel plants like Tata, Durgapur and Bhilai. We also export iron ore giving heavy subsidies to earn valuable foreign exchange. What a strange logic ? But how long should we go on like this ? Instead, I would request, to consider setting up more steel plants to utilise our resources and talents. Orissa can have more steel plants. But at least one should be set up in Orissa so that we can utilise our iron ores which will also incidentally create more wealth and employment opportunities. Government have rightly decided to allow establishment of some mini steel plants. But where are they ? Even then, Orissa requires one more giant steel plant.

It has been stated that production of electricity would be increased. In this connection, I would like to say that different State Governments follow different policies. Sometimes the electricity rates are reduced and sometimes increased. I would like to bring it to the notice that there is one paper industry in Orissa which has enjoy very liberal concessions by way of very much reduced power rate. Sir, I would suggest that there should be one uniform rate of electricity for one type of industry any where in the country. Otherwise, it will lead to unfair competition between State and State because the States, in order to attract industries, offer various concessions which utlimately lead to national loss. Therefore, I would request that the Electricity Act may be amended so that sufficient power is given to the Centre to impose uniform rate of electricity for different industries.

Some industrial units need a large amount of electricity. For the electricity is raw material. Take the case of aluminium industry. In Orissa there is one unit. It gets electricity at a very nominal rate. After all whose loss is it ? It is at the cost of the nation. Why should that private entrepreneur get so much of concessions ? After all aluminium indusry is a basic industry for the country. That industry should be nationalised. Government should not sell electricity at so cheaper rate.

Then, Sir, there are several irrigation projects which have not been completed. Since 1957 there is one irrigation project known by 'Delta Irrigation Project' whose estimates at that time was Rs. 14 crores and now it has gone upto Rs. 68

[Shri Banamali Patnaik]

crores. We do not know when it will be completed and where will end? Not even 50% of the work has been completed. Whatever has been done is haphazard. So, whatever money has been invested is a national loss. So, you should see that those projects which have been taken on hand are completed first. Not only this project, there is the Kosi Project and some other projects in each State and unless and until we finish these projects, we should not think of taking up new projects. We should complete these projects so that we can get more irrigation cess and more land can be brought under irrigation.

To-day the Government is thinking of having a crop insurance scheme. It is a good thing. I welcome it

Why not we think of introducing a Health Insurance Scheme? Let it be first confined to urban areas and few rural areas. Let there be a pilot project and some rural blocks. For our social welfare activities we are not providing enough funds. For health projects we have not been getting sufficient money. Hence the necessity of health insurance scheme to augment the resources If it is started as a pilot project, after gaining enough experience, it may be extended to other areas also.

This year, the Finance Minister has announced appointment of the Finance Commission which under the Constitution the Government has to do. What should be the terms of reference to the Commission? Different States have different financial conditions. Some States are backward. Will the backward States always remain backward because the conditions are such that they cannot get more investment on the basis of population or some kind of expenditure that is spent. But that does not remove the regional imbalance created in the different States. Richer States grow richer and they have capacity to earn more and invest more and the backward States suffer. It is because in the past these States have grown richer at the cost of others. One of the aims of the Finance Commission should be to see that the backward States get adequate investment, so that in 10 or 15 years their backwardness is removed. That should be one of the terms of reference to the Finance Commission. We are spending crores of rupees on famine, flood and drought. Why cannot we create a permanent funds of Rs. 1000 crores like the Depreciation Reserve Fund for industries so that it may be of help in times of need? We need not come for budgetary proposals every time to the House. We have to rehabilitate people affected by cyclone, drought flood, famine *etc.*, and for that purpose this fund will be helpful. In this, States and Centre should jointly participate.

Dr. Austin spoke about silver jubilee celebrations of our Independence this year. During this year he has suggested that every village should be able to have drinking water supply scheme. Let us take a pledge to fulfil that. In this connection I would say, as this is silver jubilee of our independence, we should publish a brochure wherein we may say what we have achieved so far. Each area may be able to know in terms of achievements what has been done, in respect of roads, buildings, schools, health measures, agricultural production, electricity, educational facilities and so on. We as Members, representing the people undertake to propagate this, but the Government, in consultation with State Governments, should come forward to publish these brochures. This will bring about the nearness of the people and the sense of achievement and participation among them as to what we have achieved during the course of the last 25 years Thank you.

MR. CHAIRMAN. There are about 8 or 9 persons to speak. I want to give chance for every body but the Finance Minister is replying at 4-30 P.M. I would request the Members to take only 5 minutes and not more than that

श्री प्रताप सिंह (शिमला) : सभापति जी, वित्त मंत्री महोदय ने जो बजट पेश किया है, वह मौजूदा हालात को देखते हुए मुनासिब ही है। बंगला देश के शरणार्थियों और पाकिस्तान के युद्ध के कारण जो आर्थिक बोझ इस देश पर पड़ा है, उसको पूरा करने के लिए जो थोड़े बहुत टैक्स लगाये गये हैं, वे मुनासिब ही हैं और उसमें किसी को कोई आपत्ति की बात नहीं होनी चाहिए। आप जानते हैं कि जो लोग हाल ही में इस लड़ाई में शहीद हुए उनके घर वालों और उनके बच्चों की देखभाल का

इन्तजाम सरकार ने किया है। मुझे इस बात की बहुत खुशी है लेकिन जहां आप उनको काफी सहूलियतें दे रहे हैं मुझे इस बात का शक होता है कि कहीं वे कागज पर ही न रह जाएं। इस ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगा।

मैं सरकार का ध्यान मिलिट्री पेंशनर्स की तरफ भी दिलाना चाहता हूं ताकि वह इस बात को न भूल जाए कि उनकी हालत कैसी है। जो पुराने पेंशनर्स है उनकी हालत बहुत ही ज्यादा खराब हो चुकी है। यह ठीक है कि कुछ थोड़ा सा पैसा पिछली दफा उनको दिया गया था लेकिन मौजूदा हालात मे महगाई के बढ जाने से उनकी हालत अच्छी नही है और न सुधरनी है। इसलिए मैं चाहूंगा कि उनकी पेंशन का केस, जो कि पे कमीशन के सामने नही रखा गया है और न ही उस पर कोई गौर किया जा रहा है, एक अलग से पे कमीशन बना कर उसके सुपुर्द किया जाय या फिर इसी पे कमीशन के सामने उनकी पेंशन का केस जाए जिसमे वह अपनी बातो को रखे। उन लोगो को जिन्होंने 1939—45, 1962 और 1971 की लड़ाई मे अपने मुल्क की रक्षा के लिए जाने कुर्बान करने मे कोई गुरेज नही किया, आज की मौजूदा महगाई के लिहाज से पेंशन मिले। मैं यह भी कहूंगा कि यह जो पेंशन उनको दी जाती है यह कोई खैरात नही है क्योंकि अपनी जिन्दगी का बेहतरीन हिस्सा मुल्क की सेवा मे बिता कर इन्होने यह पेंशन हासिल की है। इसलिए आप से प्रार्थना है कि मिलिट्री पेंशनर्स के लिए, जिसमे पार्टीशन सी स्टेट्स के पेंशनर्स भी शामिल हो, आप उनकी पेंशन बढ़ाने की कृपा करेंगे।

सरकार इस बात को मानती है कि बेरोजगारी बढ़ती जा रही है लेकिन बेरोजगारी बढ़ने का कारण सिर्फ यही नही है कि आदमी ज्यादा पैदा हो रहे हैं। वह भी एक कारण जरूर है लेकिन यह जो प्लानिंग कमीशन का ढांचा है यह भी उसका कारण है और उसकी वजह से यह बेरोजगारी कहीं बढ़ती है और किसी मुल्क के हिस्से में कम होती है। इस तरह का एक इमबैलेंस है जिसके कारण बेरोजगारी कहीं कम और कहीं ज्यादा है। कही पर लोग आन्दोलन करते है और कहीं पर नही करते हैं। जहा पर लोग आन्दोलन करते है वे फायदे में रहते हैं और जहां खामोश रहते हैं उनको नुकसान होता है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि प्लानिंग कमीशन में यह जरूर होना चाहिए कि जो पहाड़ी इलाके हैं उनके लिए बिल्कुल अलग से एक सेल होना चाहिए और प्लानिंग कमीशन को पहाड़ी क्षेत्रों की क्या हालत है, उसके मुताबिक प्लानिंग करना होगा और उसके मुताबिक वह वहा के हालत को देख कर पैसा खर्च करे। प्लान जो बनना चाहिए वह क्षेत्रो के हालात के अनुसार होना चाहिए। दिल्ली का जो प्लानिंग है वह हिमाचल प्रदेश के लिए सही नही हो सकता और न ही वह उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाकों के लिए सही हो सकता है। आप टेलीफून की ही बात ले लीजिए। टेलीफून लगाने के लिए दिल्ली के हालात को देखना होगा और अगर आप उन्ही हालात के मुताबिक हिमाचल प्रदेश मे टेलीफून लगाना चाहे तो वह सही नहीं होगा। इसी तरह से बिजली की बात है। बिजली और टेलीफून दोनों महकमे ऐसे हैं जिन से आमदनी होती है। प्लानिंग मे यह देखना जरूरी है कि हमे जनता के हर आदमी को सहूलियत देनी है। इसलिए लाजमी हो जाता है कि पहाडी इलाको के लिए आप की प्लानिंग बिलकुल अलग होनी चाहिए ताकि वहा के लोगों को सहूलियतें मिल सकें।

एक बात मैं बाउंडरी कमीशन के बारे मे कहना चाहता हू। इसके बारे मे हमे अपना एतराज आपके सामने रखना है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के बाउंडरी कमीशन के बारे से कई दफा जिक्र भी आया है और उसके बारे मे हमारा काफी एतराज है कि वह कमीशन जल्दी से जल्दी बैठना चाहिए और हिमाचल प्रदेश के साथ जो आज तक बेइंसाफी हुई है, यूनियन टेरीटरी के नाते उस की देख भाल नहीं हुई है, वह दूर हो और सही ढंग से

[श्री प्रताप सिंह]

बंटवारा हो जिससे हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह से मदद मिल सके। आज तो जोगेन्द्र नगर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट जो है, वह हिमाचल प्रदेश के बीच में है लेकिन फिर भी उस पर उसका कब्जा नहीं है। वह पंजाब को दिया हुआ है। इसी तरह से चंडीगढ़ का पहाड़ी इलाका हिमाचल प्रदेश को मिलना चाहिए क्योंकि वह उसके हिस्से में आता है। बाउंडरी का आज तक ठीक से बंटवारा नहीं हुआ है। यह होम मिनिस्ट्री की जिम्मेवारी है कि वह हिमाचल प्रदेश के साथ इंसाफ करे, लेकिन वहां इंसाफ नहीं हुआ है। हम आप को धन्यवाद देते है कि आपने हिमाचल प्रदेश को पूरे स्टेट का दर्जा दे दिया है लेकिन अभी भी जो कमी रह गई है उसको पूरा करना चाहिए। यह इस सरकार का काम है और मैं चाहता हूं कि आप इसमें हमारी मदद करेंगें।

एक सबसे जरूरी बात यह है कि हमने सबसे पहले लैंड रिफोर्म हिमाचल प्रदेश में किया है। और कहीं पर यह नहीं हुआ है। हम ने एबोलीशन आफ बिग लैंडेड एसटेट्स एण्ड लैंड रिफोर्म ऐक्ट, 1953 हिमाचल प्रदेश में पास किया जो कि अभी तक दूसरे प्रान्तों में नहीं हुआ है लेकिन अफसोस की बात है कि प्लानिंग कमीशन ने हमारे लिये कुछ नहीं किया है। हिमाचल प्रदेश का जो पुराना हिस्सा है और जो नया हिस्सा है, वे दोनों इकट्ठे हो चुके हैं लेकिन लैंड रिफार्म ऐक्ट नये हिस्से पर अभी तक लागू नहीं हुआ है। आज तो दोनों जगह कांग्रेस की सरकारें है। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह कानून जोकि पुराने इलाके में लागू है वह नये इलाके में भी लागू हो ताकि स्टेट के लोगों को फायदा पहुंच सके और गरीबी कम हो सके।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री सी० डी० गौतम (बालाघाट) : 1971 का साल भयंकरों संकटों का साल रहा है। उस संकट से पार पाने के लिए भारत सरकार को अरबों रुपया खर्च करना पड़ा है। उसको विस्थापितों का भरण पोषण करना पड़ा और उनको वापिस भेजना पड़ा। पाकिस्तान के साथ लड़ाई भी इसी साल हुई। उस कारण से भी बहुत सी कठिनाइयों का हम को मुकाबला करना पड़ा। बहुत से भाइयों ने सरकार पर टीका की है। परन्तु वे यह भूल गए कि गत वर्ष भयंकर संकटों में से हो कर हमको गुजरना पड़ा है और विशाल धनराशि उन संकटों से पार पाने के लिए खर्च करनी पड़ी है। ऐसी परिस्थितियों में जो बजट पेश किया गया है, मैं समझता हूं कि इससे बढ़िया बजट दूसरा नहीं हो सकता है। इस वास्ते यह बहुत अच्छा बजट है, इसका मैं समर्थन करता हूं।

इसके साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि किसानों की स्थिति को देखते हुए जो टैक्स लगाए गए है उन पर वे नहीं लगाए जाने चाहिये थे। किसान जिन औजारों को इस्तेमाल करता है, उन पर आपने टैक्स लगा दिया है। यह नहीं लगना चाहिये। मिट्टी के तेल पर आपने टैक्स लगा दिया है, यह भी नहीं लगाना चाहिए। पम्प्स पर नहीं लगना चाहिये, फर्टिलाइजर पर नहीं लगना चाहिये। जो बड़े किसान होते हैं वे तो इन टैक्सों का मुकाबला कर सकते हैं, वे तो इनको दे सकते है लेकिन जो छोटे किसान होते हैं, दो चार दस एकड़ वाले होते हैं, वे इन टैक्सों को अदा नहीं कर सकते हैं। इस वास्ते इस पर आप को फिर से विचार करना चाहिये। एग्रिकलचरिस्ट्स पर इनकम टैक्स लगाने की भी चर्चा चल रही है। उनसे आप मालगुजारी वसूल करते है। पानी का पैसा उन को जहां पहले दो रुपये देना पड़ता था, अब दस रुपये देना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उन पर इनकम टैक्स लगाना अनुचित होगा।

फर्टिलाइजर का हम उपयोग करते हैं। हमारे मध्य प्रदेश में बहुत अच्छा धान होता है। उसका नाम है चिन्नौर और कालीकमोद

स्वाद में वह बहुत बढ़िया होता है और उसमें फ्लेवर अच्छा होता है। लेकिन फर्टिलाइजर का उपयोग करने से जो फ्लेवर उसमे होता है वह निकल जाता है। मैं प्रार्थना करूंगा कि उसका आप अनुसन्धान करायें और ऐसी विधि निकालें ताकि उसका फ्लेवर कायम रह सके। फर्टिलाइजर के उपयोग से जमीन कड़ी हो जाती है। हमारे यहां दो फसले होती है। जब धान खड़ा रहता है तब उसमें उड़द अलसी और लकौड़े की रबी फसल बो देते है। इसको ब्राडकास्ट बोलते है। फर्टिलाइजर के उपयोग से धान की फसल तो ठीक होती है लेकिन जो दूसरी फसल होती है, रबी की जो ब्राडकास्ट की जाती है वह बिल्कुल कम होती है क्योंकि जमीन मे मोयमचर नही रहता, नमी नही रहती। मैं चाहता हू कि इसके बारे मे भी खेती वाले कुछ ख्याल करें, कुछ इसके बारे मे अनुसन्धान करें ताकि जमीन मे मोयम्चर रहे और जमीन कड़ी न हो।

हम जो पैदावार के आकड़े एकत्र करते है उनको एकत्र करने का जो तरीका है वह सही नही मालूम देता है। अगर बीस तीस एकड़ में फसल बोई गई है तो ढाई एकड़ पर एक्सपेरिमेट कर लिया जाता है और कह दिया जाता है कि इसमे इतनी फसल पैदा होगी। यह गलत धारणा है। दस एकड़ का खेत हुआ या पचास एकड़ का खेत हुआ तो उसमे से ढाई एकड 33 वाई 33 फीट का ले लिया जाता है। और उस भाग को ले लिया जाता है जहा फसल अच्छी होती है और बता दिया जाता है कि इतनी इस मे फसल हुई। इस तरह से जो डेसीमल एक्सपेरिमेंट आप करते है और जो एवेज निकालते हैं वह सही नहीं होती है। वास्तव मे उतना उत्पादन नहीं होता है। आपने दस करोड़ का जो उत्पादन बताया है, हो सकता है कि उतना हुआ हो। परन्तु उसमें बहुत से गलत आकड़े भी रहते हैं। हमारे यहां मालगुजारी और जमींदारी का जब से उन्मूलन हुआ है फसल बढ़ाने की कोशिश बहुत कम हुई है। पैदावार बढ़ सकती है। तालाब पड़े हुए हैं लेकिन उनकी दुरुस्ती नही हो रही है। उनका उपयोग नहीं हो रहा है। पहले मालगुजार जमींदार होते थे और वे बराबर तालाबों को दुरुस्त करते थे। आज ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत ये आ गए है और इनको कोई देखता नहीं है, इनकी देखभाल नहीं होती है। जंगलों का जो पानी बहता है और जिसमे खाद मिला रहता है उसको रसायनी पानी कहते हैं लेकिन उसका सही उपयोग नही होता है। अगर उसकी योजना कर दी जाए तो बहुत अच्छी फसल पैदा हो सकती है। उसकी भी व्यवस्था करने वाला कोई नहीं है। नदी नालों में बहुत पानी बहता है। अगर उसकी भी योजना की जाए तो एक करोड़ टन अनाज ज्यादा पैदा हो सकता है। मै समझता हू कि इन सब बातो को अगर हमारा एग्रिकलचर डिपार्टमैंट देखे तो बहुत अच्छा होगा।

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे (खलीलाबाद): 1970-71 का वर्ष भारत के इतिहास मे बड़ा ही भयंकर और परीक्षा का वर्ष रहा है। परन्तु इस देश का सौभाग्य है कि इसको कुशल नेता मिला और प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गाधी का नेतृत्व इस देश को प्राप्त हुआ जिसने विश्व को एक सीख सिखाई। याहिया शासन ने जबकि हम समाजवादी कार्यक्रमों की ओर आगे बढ़ रहे थे, गरीब मजदूरो को, किसानों को, एक करोड़ जनता को हमारे देश मे धकेल दिया ताकि इस देश की आर्थिक दशा को गिराया जा सके। परन्तु इस देश ने पूजीवादी व्यवस्था में विश्वास रखने वाले लोगों को जो सीख दी इतिहासकार उसको स्वर्णाक्षरों में लिखेंगे। मैं समझता हूं कि ऐसी परिस्थितियों में हमारे वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है वह बड़ी ही खूबसूरती के साथ और हर दृष्टिकोण को सामने रखते हुए, पेश किया है। परन्तु मैं उन से दो तीन निवेदन करना चाहता हूं। मिट्टी के तेल पर उन्होंने कर बढ़ाया है उसे उनको वापिस ले लेना चाहिये। देश की जनता, गरीब, मजदूर किसान जिनके तन पर वस्त्र नहीं, जिन के पास रहने के लिए झोपड़ा नहीं, पेशा केवल जिन का मजदूरी करना है, इस कर का असर उन पर ही सीधा पड़ेगा। परन्तु इसमें

[श्री कृष्ण चन्द्र पांडे]

कोई दो राय नहीं हैं कि वह जब मिट्टी के तेल का दाम बढ़ाते हैं तो डीजल में जो मिट्टी का तेल मिलाया जाता है, उसे रोकने के लिए ही वे ऐसा करते है। उनका दृष्टिकोण ठीक है। परन्तु यह जो टैक्स बढ़ा है इसका असर गरीबों पर पड़ेगा, मजदूरों पर पड़ेगा। मैं आग्रह करता हूं कि वह इस पर पुनः विचार करें और इसे वापिस ले लें।

आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर बन चुका है। पी० एल० 480 का आयात बन्द हो गया है। हम चार सौ से छः सौ करोड़ रुपये का गल्ला विदेशों से आयात करते थे। चालीस से साठ करोड़ रुपये तक हमें देना पड़ता था भाड़े के रूप में। वह आत्मनिर्भरता के कारण रुका है।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि स्वचालित पम्पिंग सेटों पर जो टैक्स लगाया गया हैं, उसका बोझ किसानों पर पड़ेगा और खाद्यान्नों के दृष्टिकोण से देश के आगे बढ़ने मे रुकावट पड़ेगी। इस लिए मैं वित्त मंत्री से आग्रह करूंगा कि इस टैक्स को वापिस लिया जाये।

16 hrs.

उर्वरकों पर जो 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, उससे देश के किसान मजदूरों में बहुत असंतोष फैल रहा है। वे इस टैक्स की बात सुन कर अवाक से रह गये हैं और वे देख रहे हैं कि किसानों और मजदूरों को यह सरकार उनके लिये क्या करने जा रही है। आज देहात में गरीब किसानों और मजदूरों की मांग है कि उर्वरकों पर जो टैक्स लगाया गया है, उसको कम किया जाये। इस टैक्स के कारण खाद्यान्नों के सम्बन्ध में देश के आत्म-निर्भर होने में रुकावट पड़ेगी। इस टैक्स का बोझ उन किसानों पर अधिक नहीं पड़ेगा, जो बड़े किसान हैं। इसका प्रभाव उन किसानों पर पड़ेगा, जो गरीब हैं और जो सोच रहे हैं कि किस तरह से खेती का उत्पादन बढ़ाया जाये। इसलिये मैं वित्त मंत्री से निवेदन करूंगा कि वह इस विषय पर पुनर्विचार करें और उर्वरकों पर जो टैक्स लगाया गया है, उसको समाप्त किया जाये।

मैंने देखा है कि इस पूरे बजट में शराब पर कोई टैक्स नही लगाया गया है। जब से मैं संसद-सदस्य बना हूं, मैं देख रहा हूं कि किसी भी बजट में शराब पर टैक्स बढ़ाकर उसका दाम नहीं बढ़ाया गया है। मैं समझता हूं कि शराब का दाम बढ़ाया जाना चाहिए। इस बजट में उर्वरकों, पम्पिंग सेटों और मिट्टी के तेल पर 44.30 करोड़ रुपये के टैक्स लगाये गये हैं। इन चीजों के स्थान पर ये टैक्स शराब पर लगा दिये जायें, ताकि देश के गरीब किसान शराब की भट्टी की तरफ जाने से बचें और बड़े लोग चाहें तो पीते रहें।

जब देहात के किसान मजदूरों पर बोझ डाला जा रहा है, तो शहरों में रहने वाले बड़े बड़े पूंजीपतियों की सम्पत्ति को नियंत्रित करना भी बहुत जरूरी है, जिनकी अट्टालिकाओं पर अट्टालिकायें बनती जा रही है। यह नियंत्रण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए, ताकि जिन किसान मजदूरों ने हमें मान सम्मान दिया है, हमें यहां बोलने का हक दिया है, उन्हें बल मिले और वे यह अनुभव करें कि यह क्रान्तिकारी, समाजवादी सरकार उनके लिए कुछ कर रही है।

यह सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल बहुत ही पिछड़ा हुआ है। वहां निवास करते हैं बुनकर मजदूर, जिनकी रोजी रोटी सूत बुनने पर निर्भर करती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां के विदेश व्यापार मंत्री को दो पत्र लिखे कि स्टेपल यार्न के दाम बढ़ते जा रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के दस लाख बुनकर मजदूर बेरोजगार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने सूत की ग्यारह हजार गांठें मांगी थीं, परन्तु केन्द्रीय सरकार के विदेश व्यापार मंत्री ने केवल चार हजार गांठें देने की कृपा की। गरीब बुनकरों को सूत न मिलने की वजह

से वे बेकारी का सामना कर रहे हैं। स्टेपल यार्न का दाम दिन-प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है। मैं वित्त मंत्री के माध्यम से विदेश व्यापार मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में न तो बिजली की कोई व्यवस्था की जा रही है और न सड़कों की। वहां कोई उद्योग भी नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने अपने भाषण में वहां के चार गरीब और पिछड़े जिलों—बलिया, बस्ती, गाजीपुर और फतेहपुर—का उल्लेख किया है। मैं केन्द्रीय सरकार और वित्त मंत्री से विनम्र आग्रह करूंगा कि वे उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के विकास की ओर ध्यान दें।

बस्ती जनपद में घाघरा नदी भयंकर कटाव कर रही है, जिस से वहां के चार पांच लाख गरीब किसानों की जमीन कटती जा रही है। एक तरफ हम जमीन का वितरण कर रहे है और दूसरी तरफ जो जमीन कट रही है, हम उसको बचाने में असफल हो रहे है।

मैं सरकार का ध्यान मिर्जापुर जैसे गरीब और पिछड़े जिलों की तरफ दिलाना चाहता हूं, जहां कई स्थानों पर गरीब मजदूरों के लिए पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। उनको उसी गड्ढे से पानी लेना पड़ता हैं, जिसमें से जानवर पानी पीते हैं। मई और जून के महीनों में उनको दो तीन मील से पानी लाना पड़ता है। मै वित्त मंत्री का ध्यान उन अंचलों की तरफ दिलाना चाहता हूं, जहां पीने का पानी उपलब्ध नहीं है।

इन शब्दों के साथ मैं इस बजट का अनुमोदन करता हूं।

श्री साहिब सिंह (दक्षिण दिल्ली) : सभापति महोदय, इस चुनाव में मैंने अपने विरोधी दल के साथियों से, और खास तौर से जनसंघ से, कहा था कि अगर वे हमारी पार्टी के बारे में झूठ बोलना छोड़ दें, तो मैं उनके बारे में सच बोलना छोड़ दूंगा। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी और बड़ा नुकसान उठाया। आज यहां उनमें से बहुत कम यहां हैं, इसलिये बोलने के लिये मेरी तबियत नहीं करती है। यह मेरी सलाह नहीं मानते हैं।

मैं इस बजट का स्वागत करता हूं। सिर्फ बजट से ही इस बात का अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता है कि हमारी सरकार और पार्टी के क्या प्रोग्राम हैं। मै यह जरूर कहना चाहता हूं कि सरकार जो पैसा जनता से टैक्स द्वारा लेती है, उसका सही उपयोग होना चाहिए। जहां तक शिक्षा का सम्बन्ध है, हम दिल्ली के स्कूलों को 95 परसेन्ट खर्चा देते हैं, लेकिन वह पैसा अनपढ़ मैनेजमेंटों के हाथों में जाता है और उन स्कूलों में आर० एस० एस० की शाखाएं लगती हैं। पैसा देते हुए सरकार यह तय करे कि समाजवादी शिक्षा अनिवार्य हो। जो मैनेजमेंट साम्प्रदायवादी हैं, खराब हैं, उनको हटा देना चाहिए। देश में शिक्षा का राष्ट्रीयकरण किया जाये। सिर्फ उन्हीं इंस्टीट्यूशन्ज को पैसा दिया जाये, जहां समाजवादी शिक्षा दी जा सके। देश में सामाजिक क्रान्ति लाने के लिए शिक्षा का राष्ट्रीयकरण किया जाये। जब तक सामाजिक क्रान्ति नहीं होगी, तब तक आर्थिक क्रान्ति नहीं हो सकती है।

शिक्षकों और सैनिकों की तन्खवाहें बढ़ाई जानी चाहिए। हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम किया है और बहुत बहादुरी दिखाई हमें गर्व है। लेकिन उसमें रेजिमेंटों के नाम जाट, डोगरा, मोहर, राजपूत और सिख आदि बिरादरी के नाम पर न होकर क्रान्तिकारियों के नाम पर और राष्ट्रीय आधार पर रखे जायें। हम सैकुलरिज्म और समाजवाद के नाम पर वोट लेकर यहां आते हैं। इसलिये यह मुनासिब नहीं है कि हम बिरादरीवाद को बढ़ाने के लिए पैसा दें। जिन शिक्षा संस्थानों में आर० एस० एस० की शाखायें लगती हैं, उनको पैसा देना मुनासिब नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, मैं मुबारिकबाद देना

[श्री शशि भूषण]

चाहता हू सरकार को खास तौर से जो उन्होंने तांबे की खानों का राष्ट्रीयकरण किया, अन्य खनिज पदार्थ का किया और कोक का किया उसके लिये। लेकिन आयरन ओर का भी पूरा पूरा राष्ट्रीयकरण करना चाहिए। हिन्दुस्तान के रिचेस्ट आयरन ओर व्यापारी चीफ मिनिस्टर हैं गोवा के उनको थोड़ी तकलीफ जरूर होगी लेकिन बहुत जरूरी है कि आयरन ओर की खानों का राष्ट्रीयकरण किया जाये क्योंकि मजदूरों की जो हालत हैं वह बहुत खराब है और उसमे तब्दीली आनी चाहिए।

एग्रीकल्चर वैल्थ पर टैक्स नही लगा हैं। मैं चाहता हूं कि जो व्यापारी एग्रीकल्चरिस्ट हो गये है, जो अगूर की खेती करते है जैसे आजकल बिड़ला जी बेचारे अगूर की खेती कर रहे हैं तो उन पर टैक्स जरूर लगना चाहिये। इनडायरेक्ट चाहे फर्टिलाइजर पर लगा हो लेकिन उससे कोई फायदा नहीं है। सीधे सीधे व्यापारी एग्रीकल्चरिस्ट पर टैक्स लगाना चाहिए।

जब हम शहरी सम्पत्ति पर और गाव की सम्पत्ति पर नियत्रण ला रहे है, उसे तो कोई रोक नही सकता। वह हमारी पार्टी की पालिसी है। चह्वाण साहब के हाथ बहुत लम्बे हैं, धीरे धीरे कसते है, काले धन के मालिक जब उसमे आ जायेंगे, बच नही सकते, अब सामाजिक परिवर्तन को कोई रोक नही सकता। इसलिये बजट को देखकर आप यह अन्दाजा न लगाइये कि हमारी चाल कितनी तेज है। मैं देखता हू कि जनता ने जितनी तेजी से हमे समर्थन दिया हैं, सरकार भी उसी तेजी के साथ लोगो का समर्थन लेते हुए आगे बढ़ रही है।

हमारे पटेल साहब ने कल नागरवाला का जिक्र किया। बार बार जिक्र किया। मैं उनसे जानना चाहता हूं कि यह नागरवाला आखिर कौन सी फिलास्फी बनाती है? यह पूंजीवादी व्यवस्था जब रहती है तो उससे नागरवाला बनते हैं और इस व्यवस्था के खिलाफ ही हमारी लड़ाई है, इसमे आपको हमारा साथ देना चाहिये। अगर वसीयतनामा लिख गया है नागरवाला उनके पक्ष मे तो मैं चाहता हूं कि सभा पटल पर उसे रखा जाना चाहिये। पता नही जो अपोजीशन के साथ उसको बहुत चाहते हैं हो सकता है उनके सम्बन्ध मे कुछ लिखा हो तो उसे रखा जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, जो खाने पीने का सामान सस्ता हो उसके लिये जो बडे बडे आढ़ती हैं जिनके पास करोड़ो रुपया ब्लैक का मौजूद है उन पर तो फौरन ही नियन्त्रण करना चाहिये। उनमे किसी को हमदर्दी नही है।

श्री पीलू मोदी (गाधरा) करके बताओ।

श्री शशि भूषण जब पीलू मोदी जी कह रहे है तो मैं चह्वाण साहब से दरख्वास्त करूगा कि बड़े आढतियो का जिनको ये रिप्रेजेन्ट करते हैं फौरन राष्ट्रीयकरण किया जाये। उसमे देरी नही करनी चाहिए।

आप तनख्वाह बढ़ाइये चाहे कम कीजिये लेकिन इतनी बात जरूर है कि जो एक और पच्चीस का फर्क है तनख्वाहो के अन्दर वह कम से कम एक और पन्द्रह का कर दिया जाये चाहे नीचे से वेतन बढाइये और चाहे ऊपर से कम कीजिये ताकि यह जो क्लर्क और अफसर का बहुत अन्तर है वह कम हो और एक दूसरे के साथ समाजवादी व्यवहार वह कर सकें, ऐसी हालत पैदा हो सके। इतना ही मैं कहना चाहता हू।

श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट (अल्मोड़ा): सभापति महोदय, मैं आपको हार्दिक धन्यवाद देता हू कि आपने मुझे मौका दिया कि इस पर कुछ शब्द मैं भी कह सकूं। बजट जो हमारा बनता है वह एलेक्शन मैनिफेस्टो का प्रतिबिम्ब होना चाहिए मगर इसमें करनी और कथनी में काफी अन्तर मालूम हो रहा है। खासकर जो बेरी बेरी बेरी बेरी रिच लोग हैं उनके लिये इस

बजट में कुछ भी नहीं दिखाई पड़ता। रास्ते भर हम नारेबाजी करते रहे कि हम असमानता समाज से हटायेंगे मगर असमानता ऐसे ही जादू के डंडे से तो नहीं हटेगी। उसको कितना कार्य रूप में लाया जाता है इसको देखने का मौका बजट में ही मिल सकता था लेकिन वह हमे मिला नही क्योंकि आज के जमाने में जब आप देख रहे हैं कि हमारी जो एकोनामी है वह पिछले साइक्लोन से, फ्लड से, रेफ्यूजी प्राब्लम से, वार से और रिहैबिलिटेशन आफ बंगला देश से काफी शैटर्ड हो चुकी थी तो इस जमाने में हम चाहे कितने भी ड्रैस्टिक मेजर लाते और यह जो वेरी वेरी वेरी वेरी रिच क्लास है उसको कुछ कम करने की कोशिश करते तो कोई भी हमें इसमें ऐसा नहीं कह सकता था कि हमने कोई बहुत ज्यादती किसी समाज के लिये की क्योंकि यह तो हमारी एक नीति ही थी और आवश्यकता भी इस बात की थी कि इस समाज को कुछ घटाया जाये और जनता में जो असंतुलन है उसको कम किया जाये। आखिर जमीदारी हमने खत्म की, स्टेटों को खत्म किया, प्रीवी पर्सेज को खत्म किया वह किस लिये किया? यही असमानता हटाने के लिये किया। जब उन लोगों के लिये यह सब कुछ कर सकते हैं तो मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि क्यों इसमें सरकार को वेरी वेरी वेरी वेरी रिच लोगों के लिये ऐसा करने में कठिनाई हो रही है। इनको भी जल्द ही खत्म किया जाये। ऐसे लोगों के लिये इस बजट में सबसे पहली चीज मैं देखना चाहता था कि इन लोगों का कुछ किया या नहीं लेकिन मुझे बड़ी निराशा हुई कि इनको तो कुछ नहीं किया है। उसके विपरीत देखने में यह आया कि जो वेरी वेरी वेरी वेरी पूवर हैं उनके ऊपर बहुत ज्यादा टैक्स लगा। जैसे किरोसिन आयल है, मैं जहां से आता हूं 8 जिले पहाड़ के जो यू० पी० में हैं वहां बिजली का कहीं नाम ही नहीं है। शहरों में कहीं दो तीन जगह है नहीं तो सब जगह किरोसिन आयल से काम चलता है। इस टैक्स का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ेगा, गरीबों के घरों में जो लालटेन जलती है वह नहीं जल पायेंगी। वैसे ही वह काफी कीमती चीज थी, अब आपने उसे और मंहगा कर दिया। पहले ही उसमें ब्लैकमार्केटिंग होती थी, अब और ज्यादा मौका आपने दूकानदारों को दे दिया। तो जहां केरोसिन आयल पर, एल्यूमिनियम पर, स्टील पर, फर्टिलाइजर पर और वाटर पम्प पर आपने टैक्स लगाया है यह टैक्स गरीबी हटाओ के अन्दर नहीं आते। तो मैं यह कहना चाहता था जो भी हम कहते हैं गरीबी हटाओ, असमानता हटाओ तो इन चीजों को आधार बनाकर टैक्सेशन भी हमारा होना चाहिये। जैसे गोल्ड कन्ट्रोल है उसमें यह हो रहा है कि मजदूरों को तो कुछ मिलता नहीं जो मजदूरी कमाते हैं और जो धनी आदमी हैं वह स्मगलिंग भी कर रहे हैं और लाखों रुपया उससे कमाते जा रहे हैं। तो जितने हमारे लेजिस्लेशन हो रहे हैं उनसे कोई लाभ नहीं हो रहा है जनता का और न सरकार का। तो इस ओर मैं ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। प्राहिबिशन की पालिसी है। हमारे पर्वतीय प्रदेश के सभी जिलों में प्रोहिबिशन लागू है उससे न वहां के गरीबों की माली हालत सुधरी न जनता को कोई फायदा हुआ। शराब के बदले में सुरा लोग पीने लगे। तो जितना पैसा पहले शराबखोरी में खर्च होता था जिसकी वजह से वहां के लोगों की माली हालत खराब थी, स्टैंडर्ड आफ लिविंग नीचा था वह आज और ज्यादा हो रहा है और सरकार की आमदनी का एक जरिया भी बंद हो गया तो इन चीजों पर आपको ध्यान देने की जरूरत है।

खास तौर पर पब्लिक सेक्टर के बारे में मैं कहना चाहता हूं। यह बड़े दुःख की बात है कि हमारे पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिंग्ज में जहां भी हम देखते हैं कोई भी आमदनी सरकार को होती नहीं तो इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि कैसे पब्लिक अन्डरटेकिंग्ज अच्छी तरह से काम करें।

अब जो सरकार लैंड सीलिंग करने जा रही है उसमें मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि हमारे यू० पी० में तराई भावर

[श्री शशि भूषण]

में काफी जमीन है। उसमें जो मिलिट्री के पर्सोनेल है जो अभी लड़ाई में लड़े हैं उनके परिवारों को, भूमिहीनों को और हरिजनों को बसाने के लिये विशेष ध्यान देने की कृपा करें।

अन्त में मैं एक सुझाव यह देना चाहता हूं कि स्टेट लेबिल पर भी जवानों के लिये एक वेलफेयर डिपार्टमेंट होना चाहिए जो किसी मिनिस्टर के अन्डर हो ताकि फौजी भाइयों को सहायता दी जा सके। मैं ऐसा समझता हूं कि जो पाकिस्तान की लड़ाई अभी खत्म हुई है उससे हमें यह नहीं सोच लेना चाहिए कि हमेशा के लिए लड़ाई खत्म हो गई। मैं तो समझता हूं पाकिस्तान एक घायल शेर की तरह पड़ा हुआ है और उसको मल्हम पट्टी लगाने के लिए चीन और अमरीका काफी तैयार में है। इसलिये हमें भी खूब चौकन्ना होना चाहिए और पूरे जोर से डिफेन्स का काम जैसा अब तक चला आया है उसको चालू रखना चाहिये।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केवल एक बात की तरफ वित्त मन्त्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। अभी बिहार के अखबारों को पढ़ने से ऐसा मालूम हो रहा है कि बिहार की राजधानी पटना शहर और बाहर के दूसरे कुछ जिलों में पीने के पानी का संकट बहुत ही गम्भीर रूप से उपस्थित हो गया है। पटना शहर में तो ऐसी स्थिति आ गई है कि मोहल्लों में···

सभापति महोदय : आपको जो कुछ कहना है वह इसी समय कह लें, एप्रोप्रिएशन बिल पर आपको टाइम नहीं मिलेगा।

श्री रामावतार शास्त्री : हां, मैं उसपर बोलूंगा भी नहीं।

अखबारों में यह बात आ रही है कि पटना शहर के प्रायः तमाम मोहल्लों में पानी नहीं मिल रहा है, जब कि यह मार्च का महीना है। अप्रैल, मई, जून—तीन महीने अभी आगे आने-वाले हैं। जो स्थिति इस समय है, अगर उसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे आने वाले दिनों में नगर के पांच लाख नागरिकों के सामने पीने के पानी का संकट और ज्यादा तीव्र हो जायगा। इसी तरह से देहातों की खबरें भी आने लगी हैं, वहां के कुएं सूखने लगे हैं और पानी नहीं मिल रहा है। पटना शहर की आबादी दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है और उसकी आवश्यकता के मुताबिक पीने के पानी की व्यवस्था वहां नहीं हो पा रही है। बिहार सरकार के पास पैसा नहीं है। पटना के वाटर बोर्ड ने बिहार सरकार से 30 लाख रुपये की मांग की थी ताकि वहां पर कुछ और नलकूप बैठाये जा सकें, लेकिन बिहार सरकार के पास इतने रुपये की भी व्यवस्था नहीं है। इन दोनों बातों को देखते हुए मैं चाहूंगा कि केन्द्रीय सरकार उनको कुछ विशेष सहायता दे ताकि पटना नगर के सामने जो पानी की कठिनाई पैदा हो गई है, उसको रोका जा सके, वरना आगे चल कर ला एण्ड आर्डर की समस्या भी पैदा हो सकती है। मैंने इस सम्बन्ध में पटना पश्चिमी क्षेत्र से चुने गये एम० एल० ए० श्री सुनील मुखर्जी का बयान भी देखा है, जो वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार का ध्यान इस तरफ तुरन्त जाना चाहिये, वरना ला एण्ड आर्डर की समस्या पैदा हो जायगी। मैं तो चाहूंगा कि वैसी स्थिति न आये। लेकिन यदि पानी नहीं मिलेगा तो क्या स्थिति हो सकती है, आप स्वयं उसका अन्दाजा लगा सकते हैं। इस लिये आप बिहार सरकार को विशेष सहायता दें ताकि पटना नगर और देहाती जिलों में खास कर दक्षिण बिहार के जिलों की, पानी की समस्या हल हो सके।

अभी मैंने बिहार के संथाल परगना जिले के डिप्टी कमिश्नर का एक बयान अखबारों में देखा। वहां के 170 गांवों में, जो पहाड़ों पर बसे हुए हैं और जिनमें 7,500 पहाड़ी जातियों

के लोग रहते हैं, भुखमरी की हालत पैदा हो गई है। डिप्टी कमिश्नर वहां गये थे और उन्होंने वहां की स्थिति की जांच की है। उनका कहना है कि यह बात सही है कि वहां पर अन्न-संकट बहुत तीव्र हो गया है, वहां के लोग बहुत तकलीफ में हैं। अगर उनकी तुरन्त मदद नहीं की गई तो 170 गांवों में रहने वाले पहाड़ी जातियों के लोगों के सामने मौत की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इस लिये मेरा निवेदन है है कि उनको जिन्दा रखने के लिये उनके बीच में तुरन्त गल्ला पहुचाने की व्यवस्था कीजिये।

मुझे, सभापति महोदय, आपकी मारफत यही दोनों सवाल उठाने थे जो बिहार की जनता के लिये बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हैं ताकि हम वहां के लोगों की रक्षा भूख और पानी पहुचाकर कर सकें।

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव (कटिहार) : सभापति महोदय, जहां तक बजट की बात है, गावो मे रहने वाली गरीब जनता, गरीब किसान सोच रहे थे कि इसमे देहातों की बातें होंगी, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि गांवों मे रहने वाले किसानों को जो आज अधिकतम उत्पादन मे जुटे हुए थे, अन्न के मामले में भारत को स्वावलम्बी बनाने के लिये दृढ़ प्रतिज्ञ थे, आज उनकी भावना को बहुत बड़ा आघात पहुंचा है।

किसानों के कृषि के उपकरणों की कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ा दी गई है। उदाहरण के तौर पर ट्रैक्टर्स को लीजिये—हिन्दुस्तान 35 हार्स-पावर के ट्रैक्टर की कीमत 1968 मे 15,577 रु० थी, लेकिन आज 1972 में 24,200 रु० हो गई है। एस्कोर्ट्स 37 की कीमत 1968 में 17,317 रु० थी, लेकिन आज 25,200 रु० हो गई है। इसी प्रकार इन्टरनैशनल की कीमत 1968 में 19,570 रु० थी, लेकिन आज 25,200 रु० हो गई है। मैसी-फर्गुसन की कीमत 1968 में 21,140 रु० थी, लेकिन आज 1972 में 26,300 रु० हो गई है। इसी प्रकार से उर्वरकों की कीमतें भी बढ़ा दी गई हैं। झोपड़ियों में रहने वाला किसान का बेटा एलुमिनम के बर्तनों का प्रयोग करता है, लेकिन आपने उसकी कीमतें भी बढ़ा दी है। गांव में रहनेवाला गरीब मजदूर कैरोसिन तेल का प्रयोग करता है, सबसे पहले तो देहातों में कैरोसिन तेल मिलता ही नहीं है, लेकिन अब तो और ज्यादा महगा हो गया है।

मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले किसान मजदूरों के बारे मे सोचें और किसानों पर जो टैक्स लगाये गये हैं, उर्वरक पर, एलुमिनम पर, कैरोसिन तेल पर, इन सबको वापस लेने की चेष्टा करें।

सभापति महोदय, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह बिहार का कटिहार क्षेत्र है। कटिहार के सहरसा, पूर्णिया आंचल मे जूट की खेती होती है, लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि वहां के किसानों को जूट का उचित दाम नहीं मिलता है। कटिहार मे पहले एक जूट मिल थी, लेकिन वह बन्द है। बिहार सरकार ने उसको चलाने का निर्णय किया है, लेकिन मैं चाहूंगा कि केन्द्रीय सरकार उस जूट मिल को अपने हाथ मे लेकर चलाये ताकि वहा पर जूट उद्योग की स्थापना हो सके और वहां के भूमिहीन किसानों को जूट का उत्पादन करने के लिये प्रोत्साहन मिल सके और वे अपनी आजीविका को चला सकें।

आज ग्रामीण क्षेत्रों मे रहने वाले किसानों की आर्थिक जीवन रचना बहुत असंतुलित हो गई है। वे अपनी खेती मे पैदावार करते हैं, लेकिन उसके मुताबिक जो मूल्य उनको मिलना चाहिये, वह नही मिल पाता है। वे अपना खून पसीना एक कर के जो उत्पादन करते हैं और जब वह बाजारों में जाता है तो उसका मूल्य बहुत कम मिलता है। आज तो अखबारों में यह भी पढ़ने को मिला है कि गेहूं की कीमतें भी घटाई जा रही हैं। आप थोड़ा इस पर गम्भीरता से विचार करें—जहां हम ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थ व्यवस्था को सुधारना चाहते थे, उनका पुनरुत्थान चाहते थे, ऐसी नीति से हम कैसे उन

[श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव]

का भला कर सकते हैं, उनकी मुसीबतों को कैसे दूर कर सकते हैं।

16.27 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

औद्योगीकरण की दिशा में हम को जो प्रयास करने चाहिये, वह नहीं हो रहे हैं। बड़े बड़े उद्योग धन्धे बड़े बड़े शहरों तक ही केन्द्रित हो गये हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि बड़े बड़े शहारों में जो उद्योग धन्धे केन्द्रित हो गये हैं, उनको विकेन्द्रित कर के गांवों में ले जाया जाय ताकि धरती के बेटों को काम करने के उचित अवसर मिल सकें।

मैं यह भी चाहूंगा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिये एक सघन योजना योजना-विभाग के द्वारा बनाई जानी चाहिये ताकि गांवों की 80 प्रतिशत आबादी को उसका लाभ मिल सके। आज हमारी योजनायें बड़े बड़े शहरों के विकास के लिये बनती हैं, गांवों में रहने वालों झोपड़ियों में रहने वाले किसानों के बेटों के लिये नहीं बनती हैं, हमारी योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का अभाव रहता है। इसलिये मैं चाहूंगा कि तमाम बड़े बड़े धन्धों को विकेन्द्रित कर के गावों की ओर ले जाया जाय ताकि गावों में रहने वाले लोगों को रोजी-रोटी मिल सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग धन्धों का जाल फैलाने के लिये सरकार की एक नीति है कि हम ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतिकरण करें, ताकि किसान छोटे-मोटे उद्योग धन्धे लगा सकें। लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि कटिहार में दो साल पहले एक थर्मल पावर स्टेशन बनने की बात थी, पता नहीं वह बात क्यों खटाई में पड़ गई। आज थर्मल पावर स्टेशन के अभाव में वहां के देहातों में जो बिजली पहुंचनी चाहिये थी, अब उसके पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। मैं चाहूंगा कि सरकार उस योजना को शीघ्र कार्यान्वित करे ताकि वहां पर थर्मल पावर स्टेशन बन सके और क्षेत्र के ग्रामों का विद्युतिकरण करने की दिशा में हम तेजी से कदम उठा सकें ताकि गांव में रहने वाले किसान मजदूर छोटे-छोटे उद्योग धन्धे चला कर अपनी आजीविका की व्यवस्था कर सकें।

अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के बारे में मैं आप का ध्यान आकृष्ट करते हुए निवेदन करना चाहता हूं कि आज जिस परिस्थिति से हम गुजर रहे हैं उसमें राष्ट्रीय चरित्र का जो निर्माण होना चाहिए उसका शिक्षा के क्षेत्र में अभाव दिखाई देता है। इस दृष्टिकोण से शिक्षा में कुछ इस प्रकार की नीति, कुछ इस प्रकार की योजना अपनानी होगी ताकि हमारे चरित्र का गठन हो सके, हमारे राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण हो सके और उसके द्वारा देश की अच्छी सेवा की जा सके। इतना ही कहकर मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YESHWANTRAO CHAVAN): Mr. Speaker, Sir, at the outset I must thank all the members who participated in this general debate and offered their criticisms and suggestions as regards the budget proposals that are placed before this hon. House. I know that some members have very severely criticised the Budget, but I have also some satisfaction that many members on this side and some members on the Opposite side have been kind enough to see some good points in the Budget and endorse it. I know that the members on the Opposition who endorsed it, did so with some reservation. But I must say that I have myself not made very tall claims in the Budget that I have presented to this hon. House. But, Sir, I do claim and I am entitled to claim that this Budget has made provisions which meet some of the basic objectives which form part of the manifesto with which our Party went to the people last year and this year as well.

Also some members started describing the Budget by using very literary adjectives. It is perhaps the fashion to describe the Budget in one word. Some called it 'flop'; and some others called it 'a budget of betrayal'. One

member, Mr. Manoharan, used a series of words—'insipid', 'untrustworthy', 'unscrupulous' and what hon. He seems to be fond of alliterative style ; that seems to be the trade mark of his Party; they possibly try to imitate, rather badly, their great leader, Anna, without his gift of knowledge and height of stature. I, certainly, would not mind if anybody calls the Budget 'insipid'. I do not mind if anybody calls it 'unwarranted'. But, really speaking, I do take objection to being called 'untrustworthy' and 'unscrupulous', because I do claim that the Budget is very straightforward and simple.

As I said, I have not made tall claims because a Budget, though it is a very important instrument of implementing Government's policy, Budget by itself, in isolation, cannot be said to be the sole test of the entire policy of the Government. You have to see the philosophy behind the Government's socio-economic policies ; you will have to see the performance of the Government all across the board, the entire governmental activity. You cannot see merely what is the nature of taxation ; you must see, ultimately, what provisions have been made for the growth and for removing social injustice.

Some hon. Member wanted to know from me what exactly was our philosophy. I will certainly tell him what our philosophy is. He knows what our philosophy is, but unfortunately they try to see our philosophy from the point of view of their policy. That is where the whole thing goes wrong. I would certainly explain the strategy of this Government as far as the economic problems of this country are concerned. But, first of all, let me try to see the Budget.

I would certainly accept with satisfaction what the Minister of State, Mr. Ganesh, called the Budget. He very aptly called it a budget of faith, a budget of robust realism and faith in future. Certainly it is so. Really speaking, it is a robust realism in the sense that we have to see what exactly are the problems that we have to meet this year, what is the assessment of the problems of this year, what are the responsibilities that we have inherited from the last year, and, whether, really speaking, we are trying to meet some of those problems.

So, according to me, the Budget is oriented firstly to meet the priority national requirements and secondly, the essential needs of the economy this year. What are the priority national requirements of this year ? We are successor to 1971 which was a glorious, historic year for this country, during which we had undertaken the grave responsibility of looking after ten million refugees and when we had to gage a war against aggression by Pakistan and for the liberation of Bangla Desh. Therefore, really speaking, we are inheriting certain responsibilities, and hence there are certain priority national requirements. It is not enough that we liberated Bangla Desh and helped them to establish democracy but is it also our responsibility to see that it is helped to stand on its own. Therefore, we have to undertake certain responsibilities of giving them co-operation, friendly co-operation. Loyalty to friendly neighbours is one of the obligations and one of the national priority requirements of this country. Therefore, we have to make certain arrangements for that. Another question of over-riding importance is the question of making provision for national security. We had to make special provision for the last year and we have to carry on that responsibility this year also. Naturally, there is the wear and tear of equipment and other matters. We have to make provision for that. That has to be looked after.

These are some of the important things that we have to look after. That is one test—whether we have made arrangements for this or not, whether we have placed difficulties, saying, 'Well, we have no sources, we can't do this because of certain other constants of a economic resources'. We have not pleaded that because these are the MUST which we have to do at any cost. We had to make provision for these. Therefore, this is one thing which we take into consideration while framing the Budget.

The other aspect was of economic needs. Before one assess the economic needs, really speaking, he must make an assessment of the economy. There are certainly some very healthy trends in our economy. I know some of the Members have taken note of that. Just now I heard the humorous speech of Mr. Bisht—'very very rich and very very poor'. If you just get yourself lost in these phrases, possibly, you will get lost completely. Let us understand exactly what was the situation. There are certain weaknesses in the socio-economic structure of our country. At the same time, there are certainly some inherent

[Shri Yeshwantrao Chavan]

strengths of our economy, and one important that emerged during the last year,—and that we came to know for the first time, realised for the first time, we, not as a Government, but as a nation—was that there is enough potential inherent in the economy of our country which can withstand the strains and difficulties. There are adequate stocks of food. There are adequate foreign exchange reserves. There is substantial buoyancy in the tax revenues. I have made a mention of it in the Budget speech. There is buoyancy in the deposit mobilisation of the banks. There are some of the very important factors, very very very important factors, that we have to take note of. These are some of the strengths of our economy. We have to take these things into consideration and make an assessment. I have made a mention. . .

SHRI K. S. CHAVDA : A lot of black money is also there in the country.

SHRI B. P. MAURYA (Hapur) : You are the best person to know the black money.

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN : I will come to that. As I said that there are certain strengths in our economy, there are also certainly some weaknesses in our economy. Black money is one of them. I am not going to hide that. I am coming to that.

